


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 71 गुरूवार 23 अप्रैल 2026 बैशाख शुक्ल सप्तमी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 10+2 मूल्य : 05 रूपया




## चुनाव से ठीक पहले खरगे को चुनाव आयोग का नोटिस

### प्रधानमंत्री मोदी को आतंकी कहने पर फंसे कांग्रेस प्रमुख

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की आतंकवादी टिप्पणी को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। अब इस मामले पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

देश के चुनावी माहौल में कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आतंकवादी वाली टिप्पणी ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। चुनाव आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खरगे के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है।

भारतीय चुनाव आयोग ने बुधवार को मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को



आतंकवादी कहे जाने पर गहरा संज्ञान लिया और मामले में नोटिस जारी किया। आयोग के अधिकारियों के अनुसार, इस बयान को आदर्श आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन माना गया है। नोटिस में खरगे से अगले 24 घंटों के भीतर अपना पक्ष रखने और स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। यह नोटिस तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले मतदान से ठीक एक दिन पहले आया है।

विवाद की शुरूआत मंगलवार को चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई। खरगे वहां अन्नाद्रमुक और भाजपा के गठबंधन की आलोचना कर रहे थे। उन्होंने पेरियार और सी.एन. अन्नादुराई की द्रविड़ विचारधारा का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि अन्नाद्रमुक के लोग मोदी के साथ कैसे जा सकते हैं।




## इलेक्शन अपडेट

### 'घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाना लक्ष्य, कांग्रेस नहीं खोल पाएगी खाता'; रैली में शाह की हुंकार

**कोलकाता/चेन्नई।** पश्चिम बंगाल के दमदम में आयोजित एक चुनावी रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनता से बड़ा आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी विधायक या पार्टी सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठ मुक्त बंगाल बनाने के लिए मतदान करना चाहिए।

अमित शाह ने रैली में कहा कि वोट का उद्देश्य राज्य को सुरक्षित और मजबूत बनाना होना चाहिए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे ऐसे फैसले लें जिससे बंगाल में अवैध घुसपैठ पर रोक लग सके। राहुल गांधी का नाम लेते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में जनता का समर्थन पूरी तरह भाजपा के पक्ष में है।

### बंगाल की पहचान से नहीं होगा खिलवाड़- योगी आदित्यनाथ

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भाजपा के प्रचार अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जोरासांको विधानसभा क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया और पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया। सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोलकाता के मेयर के बयान सामने आ रहे हैं, जिसमें उर्दू के इस्तेमाल की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। बंगाल की पहचान काबा से नहीं, बल्कि मां कालीबाड़ी से जुड़ी रही है। उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था और अन्य मुद्दों पर भी सवाल उठाए। योगी ने कहा कि बंगाल में अव्यवस्था का माहौल वैसा ही है जैसा 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में था। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि अब वहां शांति और विकास का माहौल है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में हर जगह उत्सव का माहौल है और लोग 'राम राज्य' के नए दौर में जीवन जी रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में एक ही आवाज है, गाय की हत्या नहीं होने दी जाएगी और समाज को बांटने की कोशिशों को रोका जाएगा।

### तमिलनाडु में टीवीके के खिलाफ शिकायत

तमिलनाडु में चुनावी आचार संहिता के कथित उल्लंघन को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। एक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राजनीतिक दल टीवीके द्वारा मतदान से पहले लागू 48 घंटे की साइलेंस पीरियड का उल्लंघन करने की तैयारी की जा रही है। शिकायतकर्ताओं एल. देवसगायम और पी. अडिकेसवन ने तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इस संबंध में औपचारिक शिकायत सौंपी है।

## होर्मुज में फिर बिगड़े हालात: ईरानी सेना ने भारत आ रहे इस जहाज को बनाया बंधक, तीन पर की गोलीबारी

एजेंसी समाचार

**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने तीन मालवाहक जहाजों पर गोलीबारी कर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया है। यह हमला राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा सीजफायर बढ़ाने के ऐलान के बावजूद हुआ, क्योंकि अमेरिका ने ईरान की घेराबंदी खत्म नहीं की है। इस तनाव से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 98 डॉलर के पार पहुंच गई हैं।

दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में एक बार फिर बारूद की गंध फैल गई है। बुधवार को ईरानी सेना ने अंतरराष्ट्रीय जलसीमा से गुजर रहे तीन व्यापारिक जहाजों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। इसमें एक जहाज तो भारत की ओर आ रहा था। इन हालातों में वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर संकट के बादल और गहरे हो गए हैं। यह हमला ऐसे समय में



हुआ है जब अमेरिका और इस्राइल के साथ ईरान की शांति वार्ता को लेकर प्रयास किए जा रहे थे।

ईरान की अर्धसैनिक 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने बुधवार सुबह इस दुस्साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया। खबरों के मुताबिक, ईरानी सेना ने पहले एक कंटेनर जहाज पर गोलियां चलाईं और उसके कुछ ही देर बाद दूसरे जहाज को निशाना बनाया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इन जहाजों ने सेना की चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, इसलिए उन पर कानूनी रूप से कार्रवाई की गई। पकड़े गए जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांसिस्का और एपामिनोड्स के रूप में हुई है, जिन्हें ईरानी सेना अपने साथ ले गई है। इसके कुछ देर बाद एक तीसरे जहाज यूफोरिया पर भी हमला किया गया, जिसके ईरानी तट पर फंसे होने की खबर है।

यह हमला उस वक्त हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को खत्म होने वाले संघर्षविराम को अनिश्चित काल के लिए बढ़ाने का ऐलान किया था। ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि इससे बातचीत का रास्ता खुलेगा। हालांकि, ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया कि ईरान के बंदरगाहों की घेराबंदी जारी रहेगी। ईरान इसी बात से नाराज है। ईरान के कूटनीतिज्ञों का कहना है कि जब तक अमेरिका अपनी घेराबंदी नहीं हटाता, तब तक वे किसी भी तरह की शांति वार्ता के लिए मेज पर नहीं आएंगे। यानी सीजफायर होने के बावजूद समुद्र में छिड़ी यह जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है।

होर्मुज में बढ़ते तनाव का सीधा असर आपकी जेब पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (बेंट क्रूड) की कीमत 98 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है, जो युद्ध शुरू होने के बाद से 35 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। तेल और गैस की सप्लाई रुकने या महंगी होने से न केवल पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं, बल्कि खाने-पीने की चीजों और अन्य सामानों की ढुलाई भी महंगी हो गई है। अगर यह समुद्री रास्ता लंबे समय तक बंद रहा या यहां हमले जारी रहे, तो वैश्विक मंदी का खतरा और बढ़ जाएगा और आम आदमी के लिए घर चलाना मुश्किल हो जाएगा।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर वायुसेना का दमखम: सुखोई-मिराज की गर्जना; हवा में दिखाए करतब; रात में भी युद्धाभ्यास

एजेंसी समाचार

**सुल्तानपुर।** भारतीय वायुसेना आज पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक बड़ा युद्धाभ्यास कर रही है। यह अभ्यास अखलीकिरी करवत गांव के पास स्थित 3.2 किलोमीटर लंबी एयरस्ट्रिप पर हो रहा है। इसका उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में हाईवे को रनवे के रूप में उपयोग करने की क्षमता को परखना है।

इस एयर शो में कई प्रमुख विमान हिस्सा ले रहे हैं। इनमें सुखोई-30 MKI, जगुआर, मिराज-2000 और तेजस जैसे फाइटर जेट शामिल हैं। साथ ही, सी-295 और एएन-32 जैसे परिवहन विमान भी भाग ले रहे हैं। यह युद्धाभ्यास दो चरणों में रात 9 बजे तक चलेगा।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने एक्सप्रेस-वे का 12 किलोमीटर का हिस्सा सील कर दिया है। ट्रैफिक को 1 मई तक के लिए डायवर्ट किया गया है। यह अभ्यास वायुसेना की तैयारी को दशार्ता है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आज दोपहर 2:30 बजे लड़ाकू विमानों का एयर शो शुरू हो गया है। सबसे पहले वायु सेना के सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने एक्सप्रेस-वे पर बने रनवे पर लैंडिंग की फिर जगुआर ने उड़ान भरी। सुखोई, मिराज और तेजस के 9 फाइटर जेट्स ने टेकऑफ और लैंडिंग की। शो देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी है।

6 घंटे चलने वाले एयर शो के लिए 5 किलोमीटर का एरिया सील कर दिया गया है। इससे पहले जून 2023 में 4 घंटे यह अभ्यास चला था। 16 नवंबर 2021 को ढट मोदी ने सुल्तानपुर से ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का इनॉगरेशन किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरफोर्स के हरक्युलिस जहाज से एयर स्ट्रिप पर उतरे थे।

## सबरीमाला विवाद: सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, कहा- धार्मिक प्रथाओं की अनिवार्यता तय करना अदालतों के लिए कठिन

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने माना कि धार्मिक प्रथाओं की अनिवार्यता तय करना न्यायपालिका के लिए कठिन चुनौती है। शीर्ष अदालत के अनुसार, आस्था भावनाओं से जुड़ी है और संविधान में अनिवार्य शब्द का जिक्र तक नहीं है। अदालत ने साफ-साफ कहा कि सामाजिक सुधार और धार्मिक परंपराओं के बीच संतुलन प्रत्येक मामले के तथ्यों के आधार पर ही तय किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को धार्मिक प्रथाओं की अनिवार्यता पर बड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसके लिए मानक निर्धारित करना अदालतों के लिए



असंभव नहीं तो बहुत कठिन जरूर है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि यदि हिंदू संप्रदाय कुछ विशिष्ट प्रथाओं का पालन करता है, तो उन सभी को तब तक अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं माना जा सकता, जब तक वे नैतिकता, सार्वजनिक व्यवस्था और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी भी धर्म के विशेष वर्ग की धार्मिक प्रथाओं को तब तक संरक्षण प्राप्त है जब तक वे नैतिकता, सार्वजनिक व्यवस्था और स्वास्थ्य के विरुद्ध न हों। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्न बी वराले, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमालिया बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान साफ-साफ कहा कि अनिवार्य शब्द का उल्लेख भारतीय संविधान में कहीं भी नहीं किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आचरण ने लोकतंत्र को खतरे में डाला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बीच जारी कानूनी जंग में बड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि कोई मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से केंद्रीय एजेंसी की जांच प्रक्रिया में प्रवेश करता है या उसमें बाधा डालता है, तो इसे केवल केंद्र बनाम राज्य का राजनीतिक विवाद मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। न्यायालय के अनुसार, यह सीधे तौर पर कानून के शासन और संवैधानिक मयार्दा से जुड़ा विषय है। अदालत ने कहा कि ममता बनर्जी के इस



आचरण ने लोकतंत्र को खतरे में डाला है।

यह मामला जनवरी 2026 में कोयला घोटाले की जांच के दौरान आई-पैक के कार्यालय और उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर हुई छापेमारी से जुड़ा है। ईडी ने आरोप लगाया था कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद हस्तक्षेप किया था। वहीं, एजेंसी ने ममता बनर्जी की ओर से की गई इस कार्रवाई को अपनी वैधानिक ड्यूटी में बड़ी बाधा माना है।

## मेरठ में सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों से मिले सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी

एजेंसी समाचार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष सलाहकार अवनीश अवस्थी ने बुधवार को मेरठ में कमिश्नर आवास में सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान खोजना था। लगभग दो घंटे तक चली इस बैठक में व्यापारियों ने अपनी परेशानियां विस्तार से बताईं, जिस पर अवनीश अवस्थी ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट में उनका पक्ष मजबूती से रखने का आश्वासन दिया। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के 'सेटबैक' संबंधी आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा।

सरकार के विशेष प्रतिनिधिमंडल में अवनीश अवस्थी के साथ प्रमुख सचिव आवास एवं विकास पी गुरुप्रसाद और आवास एवं विकास परिषद के आयुक्त डॉ. बलकार सिंह भी मौजूद रहे। व्यापारियों के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने पहले उनकी व्यथा सुनी और फिर उन्हें आश्वस्त किया कि उनके मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष रखा जाएगा। लेकिन, व्यापारियों को 'सेटबैक' के संबंध में कोई तत्काल राहत नहीं मिलेगी और उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

उन्हें विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले नोटिस का जवाब देने के लिए भी कहा गया है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। यह भी बताया गया कि बैठक में मौजूद महिलाओं से धरना समाप्त करने का आग्रह किया गया।

## बीडीओ पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सेक्रेटरी ने किया आत्मदाह का प्रयास

### मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने किसी तरह स्थिति को संभाला

– जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद, रामपुर।** बुधवार को शाहबाद के ब्लॉक कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्राम पंचायत सचिव ने बीडीओ पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनके कार्यालय में ही आत्मदाह का प्रयास लिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने किसी तरह स्थिति संभाली और बड़ी अनहोनी टल गई। शाहबाद ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत सचिव पवन सागर ने बीडीओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सचिव का कहना है कि जब वह पहले मिलक ब्लॉक में तैनात थे। तब भी बीडीओ द्वारा उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रताड़ित किया जाता था। बाद में बीडीओ का तबादला शाहबाद हो गया और संयोगवश सचिव का भी स्थानांतरण यहां हो गया। जिसके बाद फिर से उत्पीड़न शुरू हो गया।

सचिव ने आरोप लगाया कि खिरका गांव में खराब सड़क की शिकायत का बीडीओ द्वारा फर्जी निस्तारण कर दिया गया। इसके बाद आवास योजना की जांच में कथित लापरवाही का हवाला देते हुए उनके खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि तैयार कर ली गई। जिसे रंजिशन बाद में भेजा गया। सचिव ने यह भी आरोप लगाया कि वह दलित समाज से आते हैं और इसी आधार पर भी उन्हें प्रताड़ित किया गया। लगातार हो रहे उत्पीड़न से परेशान होकर बुधवार को उन्होंने बीडीओ कार्यालय में पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। समय रहते कर्मचारियों ने उन्हें रोक लिया। घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई। बीडीओ शाहबाद धीरेन्द्र पाल सिंह चौहान का कहना है कि सचिव पवन सागर द्वारा कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई थी। वह उसे लेकर कार्यालय में आए और गलत व्यवहार करने लगे। इसलिए इस हरकत से इन्होने हम पर दवाब बनाने की कोशिश की जिससे कि हम इनसे कोई काम न कराएं। मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उनके दिशा निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

CMYK

# नाली निर्माण में घोटाला, ठेकेदार पर 2 लाख जुर्माना, अभियंताओं पर भी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** नगर निगम के वार्ड 29 रहपुरा चौधरी में नाली निर्माण कार्य में बड़ा घोटाला सामने आया है। निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों में गंभीर अनियमितताएं पकड़ी गईं। मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने ठेकेदार पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और संबंधित अभियंताओं को नोटिस जारी किया है।

साईं धर्मकांटा से जगदीप चिकारा के मकान तक करीब 97.93 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कराया जा रहा है। 15वें वित्त आयोग के तहत यह कार्य 19 अप्रैल को मेसर्स स्पंदना अग्रवाल को दिया गया था। मौके पर जांच में कार्य मानकों के विपरीत पाया गया।



निर्माण स्थल पर न तो बैरिकेडिंग थी और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए थे। खुदाई के बाद खुले गड्ढे छोड़ दिए गए थे, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। बीओक्यू के अनुसार पीसीसी की जगह बिना शटरिंग सीधे आरसीसी डाला जा रहा था। करीब 70 मीटर हिस्से में सरियों का जाल बिछाकर मिट्टी मिश्रित प्लास्टर से काम किया गया, जो मानक विहीन पाया गया।

निगम ने जेसीबी से घटिया निर्माण हटवाकर ठेकेदार पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया और कारण बताओ नोटिस जारी किया। लापरवाही मिलने पर अवर अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि और सहायक अभियंता को चेतावनी दी गई है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# औद्योगिक टाउनशिप के लिए भूमि खरीद शुरू

## किसानों को चार गुना मुआवजा, 126.30 हेक्टेयर भूमि पर विकसित होगी औद्योगिक टाउनशिप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप शहर में सुनियोजित और आधुनिक आवासीय योजना विकसित करने के लिये बरेली विकास प्राधिकरण ने जमीन की खरीद शुरू कर दी है। औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की दिशा में बरेली विकास प्राधिकरण ने बुधवार को भूमि क्रय और किसानों को मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू की। इसमें सर्किल रेट से चार गुना तक प्रतिकर देकर किसानों से आपसी सहमति के आधार पर जमीन खरीदी जा रही है।



बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. ए मनिकंडन ने बताया कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी रखते हुए किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। भूमि का मूल्य सर्किल रेट से चार गुना निर्धारित किया गया है और आपसी सहमति के आधार पर रजिस्ट्री कराकर भुगतान किया जा रहा है।

पहले दिन ग्राम रहपुरा जागीर के धर्मपाल, प्रेमराज, राम प्रसाद और गंगा प्रसाद को कुल 74 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। यह भूमि क्रय प्रक्रिया आपसी सहमति से की जा रही है।

### किसानों को नहीं होगी किसी तरह की परेशानी

परियोजना के तहत तहसील बरेली के ग्राम रसूला चौधरी और तहसील मीरगंज के भिटौरा नौगंवा उर्फ फतेहगंज पश्चिमी, चिटौली तथा रहपुरा जागीर सहित 126 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस औद्योगिक टाउनशिप से क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही सड़क, बिजली, पानी, जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं का आधुनिक विकास होगा, जिससे क्षेत्र का सुनियोजित शहरीकरण संभव हो सकेगा। पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध रहेगी, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो और उनका विश्वास बना रहे।

# शिव मंदिर की दीवार तोड़ने पहुंची नगर निगम टीम, हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज इलाके में बुधवार सुबह नगर निगम की टीम अचानक एक प्राचीन शिव मंदिर की बाउंड्री वॉल तोड़ने पहुंच गई। बिना किसी पूर्व सूचना के हुई इस कार्रवाई से स्थानीय लोग भड़क उठे और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, सुबह नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी मंदिर परिसर के बाहर पहुंचे और दीवार तोड़ने की तैयारी करने लगे। यह देखते ही आसपास के लोग और मंदिर से जुड़े श्रद्धालु मौके पर पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि उन्हें इस कार्रवाई की कोई जानकारी पहले नहीं दी गई।

स्थानीय निवासियों ने साफ कहा कि यह मंदिर वर्षों पुराना है और उनकी धार्मिक आस्था का केंद्र है।



बिना नोटिस या वैकल्पिक व्यवस्था के इस तरह दीवार तोड़ने की कोशिश को उन्होंने गलत बताया। एक व्यक्ति ने कहा कि टीम अचानक आई और बिना वजह बताए काम शुरू करने लगी, लेकिन सवाल करने पर कोई जवाब नहीं मिला। मौके पर बढ़ते विरोध और तनाव को देखते हुए नगर निगम की टीम ने कार्रवाई रोक दी और वापस लौट गई। हालांकि, टीम की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया कि वे किस आदेश के तहत यहां पहुंचे थे। घटना के बाद भी नगर निगम या प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं और लोग असमंजस में हैं।

### सड़क चौड़ीकरण या अतिक्रमण हटाने की चर्चा

स्थानीय स्तर पर कयास लगाए जा रहे हैं कि यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण या अतिक्रमण हटाने के तहत हो सकती है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से साफ-साफ स्थिति बताने की मांग की है। घटना के बाद इलाके में हल्का तनाव जरूर रहा, हालांकि स्थिति फिलहाल सामान्य है। लोगों का कहना है कि अगर कोई विकास कार्य होना है तो पहले बातचीत की जाए और धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाए।

# शुभलेश बने बरेली सपा के जिलाध्यक्ष चुनाव में पार्टी को मिलेगा लाभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी ने संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए पार्टी के वफादार, कर्मठ, नेतृत्व शिल्पी अनुभवी नेता शुभलेश यादव को एक बार फिर बरेली का जिलाध्यक्ष बना दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने उनके नाम की घोषणा कर दी है। सपा के निवर्तमान अध्यक्ष शिव चरन कश्यप के हटने के बाद 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी किसी मजबूत चेहरे की तलाश में थी।

कई नामों की चर्चा के बीच आखिरकार पार्टी नेतृत्व ने शुभलेश यादव पर भरोसा जताते हुए उन्हें जिम्मेदारी सौंप दी है। शुभलेश यादव सपा के जुझारू और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। संगठन पर उनकी मजबूत पकड़ और पार्टी में कार्य करने का खासा अनुभव है।

शुभलेश यादव पार्टी के पुराने और जमीनी नेता माने जाते हैं। वह पहले भी 2017 से 2019 तक बरेली के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा वह प्रदेश



कार्यकारिणी सदस्य और प्रदेश सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी काम कर चुके हैं। संगठन में उनकी पकड़ और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत नेटवर्क को इस फैसले की बड़ी वजह माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, शुभलेश यादव को विभिन्न चुनावी प्रबंधन और संगठन विस्तार की जिम्मेदारियां भी दी जा चुकी हैं। उन्होंने कई मौकों पर पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर काम कर अपनी उपयोगिता साबित की है, जिससे नेतृत्व का भरोसा उन पर लगातार बना रहा।

2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुये शुभलेश यादव को जिम्मेदारी दी गई है। दरअसल समाजवादी पार्टी बरेली में अभी तक अंर्तकलह से गुजर रही है। पार्टी संगठन के पदाधिकारी एक दूसरे पर कीचड़ उछालते रहते हैं। पार्टी के विधायक और पूर्व विधायक मंच पर एक दूसरे से भिड़ जाते हैं। पार्टी के भीतर की बगावत और कलह को रोकना शुभलेश के लिये एक बड़ी चुनौती होगी। शुभलेश यादव ने कहा कि वह सपा के सिपाही हैं। 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर काम करेंगे। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का भरोसा दिया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बरेली में सपा का यह फैसला सामाजिक और संगठनात्मक समीकरणों को साधने की रणनीति का हिस्सा है। अनुभवी और सक्रिय नेता को जिम्मेदारी देकर पार्टी ने आगामी चुनाव से पहले संगठन में नई ऊर्जा भरने की कोशिश की है।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ नवीन मंडी का अफसर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शाहजहांपुर के तिलहर की नवीन मंडी में बुधवार को एंटी करप्शन की टीम ने छापा मारकर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी को 9 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से मंडी परिसर में हड़कंप मच गया और मौजूद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

### किसान से की जा रही थी अवैध वसूली

थाना क्षेत्र के गांव मदनापुर के रहने वाले किसान सौरभ सिंह ने एंटी करप्शन दफ्तर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडी में गेहूं बेचने के दौरान उनसे प्रति क्विंटल 100 रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। बिना पैसे दिए खरीद प्रक्रिया को



आगे नहीं बढ़ाया जा रहा था, जिससे किसान परेशान था। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन की टीम ने इसे गंभीरता से लिया और तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। बुधवार दोपहर करीब 12:58 बजे जैसे ही आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता से 9 हजार रुपये लिए, टीम ने मौके पर ही उसे पकड़ लिया।

### कार्रवाई से मंडी में मचा हड़कंप

अचानक हुई एंटी करप्शन की इस कार्रवाई से मंडी में अफरा-तफरी मच गई। अन्य व्यापारी और कर्मचारी भी सकते में आ गए। लोगों के बीच चर्चा रही कि लंबे समय से इस तरह की वसूली की शिकायतें सामने आ रही थीं, लेकिन इस बार टीम ने सटीक तरीके से कार्रवाई कर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार अधिकारी के खिलाफ थाना कटरा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। एंटी करप्शन अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम लोगों से अवैध वसूली करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

## हलाला के दबाव पर हंगामा, पंचायत में मारपीट

**बरेली।** नवाबगंज क्षेत्र में एक महिला पर गांव के दबंगों द्वारा हलाला करने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक आरोपी ने महिला का हाथ पकड़कर उसे कमरे में खींचने की कोशिश की और विरोध करने पर सामाजिक बहिष्कार की धमकी दी। पीड़िता ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि महिला का दो साल पहले विवाह शाहजहांपुर में हुआ था, लेकिन अलगाव के बाद वह मायके में रह रही है और अब अपनी मर्जी से दूसरी शादी करना चाहती है। इसी बात का विरोध करते हुए दबंग उस पर हलाला का दबाव बना रहे हैं। विवाद बढ़ने पर पंचायत बुलाई गई, जहां मारपीट हो गई। अधिवक्ता मोहम्मद अरशद ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने घर में घुसकर उनके और उनके बीमार पिता के साथ मारपीट की, जिसमें उनके पिता घायल हो गए। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उर्स-ए-ताजुश्शरिया में इल्म-इलाज का तोहफा

## 200 छात्रों को फ्री कोचिंग, ऑपरेशन मुफ्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर दरगाह आला हजरत से शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर बड़ा ऐलान हुआ है। जमात रजा-ए-मुस्तफा और आला हजरत ताजुश्शरिया सोसाइटी की ओर से 200 होनहार छात्रों को नीट और इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के मुफ्त ऑपरेशन भी कराए जाएंगे। इस घोषणा के बाद शहर भर में इसकी चर्चा तेज हो गई है।

जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव और सोसाइटी के संस्थापक फरमान हसन खान फरमान मियां ने बताया कि यह योजना खासतौर पर उन छात्रों के लिए है जो आर्थिक तंगी के कारण महंगी कोचिंग नहीं कर पाते। चयनित 200 छात्रों को नीट और इंजीनियरिंग की तैयारी पूरी तरह मुफ्त कराई जाएगी।



इस पहल के तहत कक्षा 6 से 12 तक के यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के जरूरतमंद और मेधावी छात्रों को भी फ्री कोचिंग दी जाएगी। पशुपति बिहार स्थित डेल्टा क्लासेज में 23 अप्रैल से 15 मई तक रजिस्ट्रेशन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। वहीं उर्स के दौरान परचम कुशाई, उलेमा-ए-इकराम की तकरीर, कॉन्फ्रेंस और कुल शरीफ जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह सभी कार्यक्रम काजी-ए-हिंदुस्तान के जानशीन असजद रजा खान असजद मियां की सरपरस्ती में संपन्न होंगे। उर्स प्रभारी सलमान मियां और फरमान मियां की निगरानी में आयोजन किया जाएगा।

### इल्म की रोशनी फैलाना है मिशन

फरमान मियां ने कहा कि बरेली की पहचान इल्म और शिक्षा से रही है। आला हजरत, मुफ्ती-ए-आजम और ताजुश्शरिया के मिशन को आगे बढ़ाते हुए हर साल जरूरतमंद छात्रों के लिए यह पहल की जाती है। उनका उद्देश्य है कि बच्चे पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर और समाज के जिम्मेदार नागरिक बनें। वहीं उर्स के मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के मुफ्त ऑपरेशन कराने की भी व्यवस्था की गई है। इच्छुक लोग दरगाह ताजुश्शरिया और किला स्थित जमात के हेड ऑफिस में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### पहले भी मिल चुकी है सफलता

सैयद जसीम ने बताया कि पहले भी बड़ी संख्या में छात्रों को नीट, इंजीनियरिंग और यूपीएससी की तैयारी कराई गई है, जिनमें कई छात्र सरकारी मेडिकल कॉलेजों में चयनित हुए हैं। इस मौके पर अब्दुल्ला रजा, शमीम अहमद, मेहंदी हसन, हाफिज अकरम, मौलाना शम्स, मौलाना इंतजार, मौलाना आरिफ, हाफिज तौसीफ, जफर बेग, सूफी अबरार नूरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। उर्स-ए-ताजुश्शरिया पर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गई यह पहल सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है।

# त्रिशूल तिराहे से सैटेलाइट बस स्टैंड तक 8 लेन की बनेगी सड़क

## बरेली विकास प्राधिकरण 30 दिन में तैयार करेगा डीपीआर, जियोमेट्रिक डिजाइन से तैयार होगा 7.4 किमी लंबा कॉरिडोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शहर पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने और यातायात को सुगम बनाने के लिये बरेली विकास प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। बरेली विकास प्राधिकरण ने त्रिशूल तिराहे से सैटेलाइट बस स्टैंड तक प्रस्तावित 8-लेन सड़क परियोजना ने रफ्तार पकड़ ली है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सड़क की मजबूती और दीर्घकालिक उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए ड्रेनेज और डिजाइन सिस्टम पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

7.4 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर का विस्तृत



टोपोग्राफिक सर्वे किया जाएगा, जिसमें मौजूदा भौतिक संरचनाओं, यूटिलिटी लाइनों और भूमि की स्थिति का आकलन शामिल रहेगा। इसके आधार पर सड़क का बेस मैप और लेआउट तैयार किया जाएगा। हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन के तहत क्षेत्र में वर्षा और जल प्रवाह की स्थिति का विश्लेषण कर जलभराव की समस्या से निपटने की योजना बनाई जाएगी। इसके लिए क्रॉस ड्रेनेज सिस्टम को डिजाइन किया जाएगा, जिससे पानी की सुचारु निकासी सुनिश्चित हो सके। वहीं, जियोमेट्रिक डिजाइन के माध्यम से सड़क का आकार, मोड़, जंक्शन और सर्विस रोड की संरचना तय की जाएगी। भारी ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए सड़क की मजबूती और क्षमता का भी आकलन किया जाएगा।

### शहर का यातायात होगा सुगम और आधुनिक

बीडीए उपाध्यक्ष डा. ए मनिकंडन का कहना है कि इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) 30 दिनों के भीतर तैयार करनी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह परियोजना शहर के यातायात ढांचे को आधुनिक और सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

**हाइड्रोलॉजिकल स्टडी**

बारिश और जलभराव की समस्या का आकलन कर क्षेत्र में पानी के प्राकृतिक प्रवाह का अध्ययन किया जाएगा, ताकि भविष्य में जलजमाव से बचाव सुनिश्चित हो सके।

**क्रॉस ड्रेनेज सिस्टम**

पानी की सुचारु निकासी के लिए पुलिया, नालों और अन्य संरचनाओं का वैज्ञानिक डिजाइन तैयार किया जाएगा, जिससे सड़क पर जलभराव की समस्या न हो।

**जियोमेट्रिक डिजाइन**

सड़क का लेआउट, मोड, जंक्शन और सर्विस रोड की संरचना तकनीकी मानकों के अनुसार तय की जाएगी, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित रहे।

**ट्रैफिक आधारित डिजाइन**

भारी और निरंतर यातायात को ध्यान में रखते हुए सड़क की मजबूती, चौड़ाई और क्षमता का विशेष इंजीनियरिंग मानकों पर आकलन कर डिजाइन तैयार होगा।

# गर्भगृह में असलहा पहुंचने पर डीएम ने पत्नी संग जारी किया माफी पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जागेश्वर मंदिर के गर्भगृह में गनर के असलहा लेकर पहुंचने के मामले ने तूल पकड़ लिया। पुजारियों के विरोध और मामला मीडिया में उछलने के बाद बुधवार सुबह डीएम ने अपनी पत्नी के साथ लिखित बयान जारी कर माफी मांग ली। उन्होंने इस घटना को अनजाने में हुई गलती बताते हुए पुरोहित समाज और श्रद्धालुओं से खेद जताया।

सोमवार को डीएम बरेली जागेश्वर धाम दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान उनका गनर असलहा लेकर गर्भगृह में दाखिल हो गया। जैसे ही यह तस्वीर सामने आई, मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं के एक समूह ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि गर्भगृह की मर्यादा का उल्लंघन हुआ है। विवाद बढ़ने पर प्रशासन ने तत्काल कदम उठाते हुए मंदिर के प्रवेश द्वार पर असलहा लेकर प्रवेश न करने का चेतावनी बोर्ड लगवा दिया। मंगलवार शाम को डीएम ने इसे जानकारी के अभाव में हुई घटना बताते हुए मौखिक रूप से खेद भी जताया था। मामला मीडिया में सुर्खियों में आने के बाद बुधवार को डीएम ने विस्तृत लिखित बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी 2026 को उनके पिता के निधन के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए जागेश्वर धाम में महामृत्युंजय जाप और हवन-पूजन कराया जा रहा था। इसी क्रम में वह सपत्नी अवकाश लेकर मंदिर पहुंचे थे। डीएम ने स्पष्ट किया कि संध्याकालीन पूजा के दौरान सिपाही पूजा सामग्री लेकर अनजाने में गर्भगृह के भीतर आ गया, जिसे तुरंत बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह अनजाने में हुई गलती थी।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


## एक नजर




### कार्यकारिणी का किया विस्तार

**रामपुर।** हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश कुमार राज ने हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारणी का विस्तार करते हुए डॉक्टर राकेश कुमार सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,एडवोकेट रघुवीर सिंह को दिल्ली प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड देश में हिंदुत्व के लिए कार्य कर रहा है और हमेशा हिंदुओं की आवाज को उठाता रहेगा और हिंदुओं के अधिकारों की बात करता रहेगा।

### दीवार फांदकर घर में घुसा मानसिक विक्षिप्त

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद के आंवला रोड स्थित कालोनी में एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति दीवार फांदकर घर में घुस गया ।घर में बंधे जानवरों पर हमला कर दिया। शाहबाद के आंवला रोड स्थित पेट्रोल पंप के निकट मोहल्ला कानूनगोयान में एक अजीबो गरीब घटना देखने को मिली। एक मानसिक विक्षिप्त दिखने वाला व्यक्ति घर में दीवार फांदकर घुसा। उसने घर में बंधे जानवरों पर हमला बोल दिया। मानसिक विक्षिप्त सा दिखने वाला व्यक्ति अपने साथ ब्लेड लेकर आया था ।

# दोहरे हत्याकांड में भाजपा नेता समेत सभी आरोपी बरी

- **वर्ष 2012 में हुई थी दो दोस्तों की हुई थी हत्या**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय ने चर्चित दोहरे हत्याकांड में फैसला सुनाते हुए साक्ष्य के अभाव में बुधवार को भाजपा नेता समेत सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। जिसके बाद सभी लोगों ने राहत की सांस ली है।

बता दे कि 17 मार्च 2012 को सुबह के समय सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित नाले में दो युवकों के शव मोटरसाइकिल के साथ बरामद हुए थे। दोनों की शिनाख्त अजय यादव निवासी आगापुर, जुल्फिकार निवासी मिलक बिचौला के रूप में हुई थी। मृतकों के परिजनों की ओर से ज्वालानगर निवासी पूर्व प्रमुख शिवसेना अनुराग शर्मा, अवधेश शर्मा निवासी आगापुर प्रदीप पंडित थाना शहजादनगर रायपुरा का मझरा निवासी कल्लू, मूंढापांडे के धतुर्रा मेघानगला के मुकेश और उसके भाई बंटी जनपद बदायूं के गांव मिठवा निवासी विक्की पंडित, ज्वालानगर निवासी वसी उर रहमान उर्फ शब्लू को नामजद किया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना कर सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अब इस मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश सेशन कोर्ट में चल रही है। इसमें 22 फैसले की तारीख नियत की थी। बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट ने मुकदमा का फैसला सुनाते हुए साक्ष्य के अभाव में नामजद सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

### 14 साल में 11 लोगों ने दी गवाही

वर्ष 2012 में दो दोस्ती की हत्या प्रकरण में भाजपा नेता सहित 8 लोगों को आरोपी बनाया था। इस मामले की सुनवाई 14 साल तक कोर्ट में हुई। वहीं इस दोहरे हत्याकांड में शिव सेना प्रमुख अनुराग शर्मा को भी नामजद किया गया था। सुनवाई के दौरान उनकी हत्या हो गई। हत्या के समय मौके पर सिविल लाइंस क्षेत्र में सनसनी मच गई थी। इस मामले में भी पुलिस ने कई लोगों को नामजद किया था।

## वार्ड नंबर 17 के सभासद पति पर जानलेवा हमला, दो अज्ञात के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 के सभासद पति पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। इस मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। शहर के मोहल्ला घेर पीपल वाला गुड्डू तनवीर जोकि सुबह 9 :30 बजे जेल रोड से मोहल्ला जैन मंदिर फूटा महल पर अमित सक्सेना के घर जा रहे थे। इसी बीच पीछे से दो अज्ञात बदमाशों ने स्कूटी मारी। जान से मारने को हमलावर हो गए। शोर शराबा की आवाज सुनकर मौके पर अन्य लोग इकट्ठा हो गए। यह देख मौके पर दो बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले में सभासद पति ने कोतवाली पुलिस को अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने को लेकर तहरीर दी है।

# 10 वीं की छात्रा एक दिन के लिए बनी डीएम

## मौके पर 25 शिकायतों का कराया निस्तारण, एसडीएम को दिए कब्जा हटवाने के निर्देश, सुनीं फरियादें

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। मिशन शक्ति फेज-5 कलेक्ट्रेट की कुर्सी पर बैठकर छात्रा श्री सिंह ने एसडीएम को दिए ग्राम घनश्यामपुर में पैमाइश के सख्त निर्देश दिए। अपने हस्ताक्षर से अग्रसारित किए स्वास्थ्य और आवास के मामले के साथ ही प्रशासनिक सख्ती के साथ मानवीय मिसाल पेश की। वहीं फरियादियों के बच्चों को चॉकलेट बांटी । अन्य स्कूलों की छात्राओं को सफलता और हेल्पलाइन 1090, 112 के टिप्स दिए।



एक दिन की डीएम बनी छात्रा लोगों की समस्याएं सुनती हुई। -जागरण मोर्चा

प्रदेश में मुख्यमंत्री के मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सशक्तिकरण की एक ऐसी अद्भुत तस्वीर सामने आई है, जो पूरे प्रदेश की बेटियों का सीना गर्व से चौड़ा कर देगी। रामपुर जिले में सेंटमेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की 10 वीं की छात्रा श्रीसिंह ने एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी बनकर यह साबित कर दिया कि बेटियां सिर्फ सपने नहीं देखतीं, बल्कि मौका मिलने पर कड़े और बड़े फैसले भी ले सकती हैं। कलेक्ट्रेट पहुंचकर विधिवत डीएम की कुर्सी संभालने वाली इस मेधावी छात्रा ने स्वास्थ्य, पूर्ति और आवास से जुड़ी 25 शिकायतों को पूरी गंभीरता से सुना और अपने हस्ताक्षर से उनके त्वरित निस्तारण के आदेश जारी किए। इस एक दिन के कार्यकाल में छात्रा ने न सिर्फ प्रशासनिक धमक दिखाई, बल्कि यह संदेश भी दिया कि अगर प्रदेश की बेटियों को नेतृत्व का अवसर मिले, तो वे न्याय और जनसेवा की बेहतरीन मिसाल कायम कर सकती हैं।छात्रा श्रीसिंह का सांकेतिक कार्यकाल केवल रस्म अदायगी नहीं रहा।

जनसुनवाई के दौरान जब उनके सामने तहसील सदर के ग्राम घनश्यामपुर में अवैध कब्जे से जुड़ा एक प्रार्थना पत्र आया, तो इस युवा डीएम ने तुरंत कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने बिना किसी झिझक के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सदर को सख्त निर्देश दिए कि मौके पर जाकर तत्काल अवैध कब्जा हटवाया जाए और जमीन की पैमाइश सुनिश्चित की जाए। एक स्कूली छात्रा द्वारा इतनी दृढ़ता और स्पष्टता से लिए गए इस फैसले ने यह साबित कर दिया कि प्रदेश की बेटियां अब किसी भी चुनौती से डरने वाली नहीं हैं। इस दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने भी पूरे समय छात्रा का सहयोग करते हुए उन्हें प्रशासनिक बारीकियों से अवगत कराया।

### फाइलों और फैसलों के बीच दिखा एक संवेदनशील प्रशासक का दिल

प्रशासनिक जटिलताओं और अवैध कब्जे हटाने जैसे कड़े फैसलों के बीच इस सांकेतिक डीएम ने एक अनूठी मानवीय मिसाल भी पेश की, जिसकी चर्चा हर तरफ हो रही है। अपनी शिकायतें लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे फरियादियों के साथ आए छोटे बच्चों को जब छात्रा ने देखा, तो उन्हें अपने पास बुलाकर चॉकलेट वितरित की। डीएम की कुर्सी पर बैठी एक दीदी के हाथों चॉकलेट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और पूरा माहौल सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। इस मार्मिक पहल ने यह संदेश दिया कि एक बेहतरीन प्रशासन सिर्फ नियमों की किताब से नहीं चलता, बल्कि उसमें जनता के प्रति मानवीय संवेदनाओं का होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### पूरे प्रदेश की बेटियों के लिए बना प्रेरणा का मंच

श्रीसिंह का यह एक दिन का कार्यकाल केवल रामपुर तक सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि यह पूरे उत्तर प्रदेश की बालिकाओं के लिए एक नजीर बन गया है। इस दौरान कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहाड़ी गेट की छात्राओं ने जब वहां पहुंचकर संवाद किया, तो उन्हें अपनी उम्र की एक लड़की को जिले की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठे देखकर असीम प्रेरणा मिली। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने भी इस अवसर का लाभ उठाते हुए छात्राओं को सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के टिप्स दिए। साथ ही 1090, 181, 112 और 1098 जैसे मिशन शक्ति हेल्पलाइन नंबरों का निर्भीकता से उपयोग करने के लिए उन्हें जागरूक किया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान और जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या, वन स्टाप सेंटर संचालिका चांद बी सहित पूरे प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में रही। यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि समाज में महिलाओं की भागीदारी अब केवल कागजों तक सीमित नहीं है। प्रशासनिक कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर छात्रा ने भी माना कि शासन की योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। यह घटना पूरे उत्तर प्रदेश की हर उस बेटी के लिए एक खुली उड़ान का आमंत्रण है, जो अपनी मेहनत से भविष्य में उच्च प्रशासनिक पदों पर पहुंचकर देश और प्रदेश की तस्वीर बदलना चाहती है।

## पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष



पीड़ित परिवार से बातचीत करते पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पीड़ित परिवार से मिलक पूर्व विधायक ने ढांढस बंधाया। इस मौके पर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर उनके साथ खड़ी है।

पूर्व विधायक ने कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय और मानवता को शर्मसार करने वाली है। एक मासूम बच्चे के साथ इस तरह की दरिंदगी सभ्य समाज में कतई स्वीकार्य नहीं हो सकती। प्रशासन को चाहिए कि इस मामले की तह तक जाकर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराए। ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके। भविष्य में कोई ऐसी जघन्य घटना करने का साहस न कर सके। इस मौके पर शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, साहिर रज़ा खां, नोमान मुम्ताज़ खां, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजीत सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।

## यूपी बोर्ड का आज आएगा 10,12 वीं का रिजल्ट



सूचित किया जाता है कि **वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा** का परीक्षाफल **दिनांक 23-04-2026 को सायं 04:00** बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय, प्रयागराज से घोषित किया जाएगा।

परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद् की **वेबसाइट www.upmsp.edu.in** तथा डिजिलॉकर (Digilocker) की **वेबसाइट https://results.digilocker.gov.in/** पर देखा जा सकता है।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
उ०प्र०, प्रयागराज।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** यूपी बोर्ड 10-12 वीं का रिजल्ट आएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी किए विज्ञप्ति में कहा कि 10-12 वीं का रिजल्ट 23 अप्रैल की शाम चार बजे आएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल के अनुसार वर्ष 2026 में हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक आरंभ रही। इस बार 10 वीं में 25,518, 12 वीं 21,248 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वर्ष 2026 की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट का रिजल्ट 23 अप्रैल शाम चार बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय घोषित किया जाएगा। परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा की वेबसाइट तथा डिजी लॉकर की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## हमारे सारे सबूतों को किया गया नजर अंदाजः तजीन फात्मा

- **आजम खां की पत्नी ने लगाई सुप्रीम कोर्ट से गुहार**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पूर्व सांसद डॉ.तजीन फात्मा ने कहा कि हमारे परिवार पर अन्याय हुआ। पेश किए गए सारे सबूतों को नजर अंदाज कर दिया गया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के न्यायिक अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा कि सभी न्याय पालिका और न्यायाधीशों का सम्मान करती हूं। उस न्यायपालिका का सम्मान करती हूं।



उन्होंने कहा कि मैं जन्म प्रमाण में सच्चाई एक मां से ज्यादा किसको मालूम होगी। एक छोटी सी गलती के कारण इतनी बड़ी सजा से सच्चाई पर असर पड़ा। मेरे बेटे अब्दुल्ला के सारे रिकार्ड महाविद्यालय और हमारे सारे रिकार्ड मौजूद है। मैं सरकारी नौकर थी और मेरे सारे रिकार्ड रजा महाविद्यालय में मौजूद है। दो जन्म प्रमाण पत्र में आजम खां और मुझे भी बेटे के साथ 7-7 साल की सजा हुई। इसमें अब्दुल्ला की क्या गलती। कि वह कब पैदा हुआ। एक मां से ज्यादा सच्चाई कौन बता सकता है। मां ही बता सकती है कि बच्चा कब पैदा हुआ। आजम खां को बिना सबूत के सजा दी गई। पैन कार्ड में आजम खां, अब्दुल्ला को सजा सुनाई गई। अब्दुल्ला का एक पैनकार्ड वर्ष 2017 में सरेंडर किया जा चुका है। जबकि मुकदमा वर्ष 2019 में दर्ज किया। पासपोर्ट का सवाल है उसमें अबदुल्ला को फंसाया गया है।

उसमें भी एक मामूली सी गलती पर तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। पासपोर्ट में जो गलती थी उसे सही कराने के लिए सारे कागज रामपुर लखनऊ पुलिस से सत्यापित कराने के बाद अदालत में पेश किए है।हमारे परिवार पर अन्याय, अत्याचार हुए और हमारे द्वारा पेश किए गए सारे सबूतों को नजर अंदाज कर दिया गया। मैं सुप्रीम कोर्ट से मांग करती हूं कि जो अन्याय, अत्याचार हो रहे है कि उसका संज्ञान लेकर न्याय दिलाएं।

## अब्दुल्ला के पासपोर्ट मामले में बचाव पक्ष की जिरह पूरी

- **पूर्व पालिकाध्यक्ष की जमानत पर टली सुनवाई**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सेशन कोर्ट एमपी-एमएलए में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट के मामले में सात साल सजा के खिलाफ कोर्ट में बचाव पक्ष की जिरह पूरी हो गई। अब इस मामले में अगली सुनवाई 1 मई को होगी। जबकि पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां पार्क निर्माण में धांधली के मामले में जमानत 29 अप्रैल तक टाल दी गई।



वर्ष 2025 अक्टूबर में पूर्व विधायक दो पासपोर्ट मामले में मजिस्ट्रेट, एमएलए कोर्ट ने दोषी पाते हुए सात साल की सजा के साथ 50 हजार रुपये का जुर्मान लगाया था। मजिस्ट्रेट फैसले के खिलाफ अधिवक्ता ने सेशन कोर्ट में अपील दायर की थी। कई तारीखों पर अपील जारी थी। बुधवार को पासपोर्ट मामले में पूर्व विधायक के अधिवक्ता जुबैर अहमद खां, नासिर सुल्तान की बहस पूरी हो गई। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की बहस के लिए 1 मई को मुकर्रर कर दी है। अब्दुल्ला आजम, आजम खां के साथ 17 सितंबर से दो पैनकार्ड मामले में सात साल की सजा सुनाये जाने के बाद से ही जिला कारागार में बंद है। उधर पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां की जमानत पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई 29 अप्रैल तक टाल दी गई है। उन पर पनवड़िया में बनवाए गए पार्क में धोखाधड़ी करने का आरोप है।

### पूर्व पालिकाध्यक्ष बिजनौर की जिला कारागार में है बंद

पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां ने 16 मार्च 2022 को मुरादाबाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया था। जनपद मुरादाबाद प्रशासन ने कुछ माह बाद सुरक्षा के मद्देनजर जनपद में बिजनौर की जेल भेज दिया था। जब से ही वह जेल में बंद है।

## रिश्तेदार बताकर पैसों की ठगी, साइबर पुलिस ने वापस कराई धनराशि

**शाहबाद।** बीती 17 अप्रैल को थाना क्षेत्र के आवेदक द्वारा थाना शाहबाद पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपना रिश्तेदार बताकर आवेदक के खाते में रुपये भेजने के नाम पर क्यूआर कोड कोड भेजकर आवेदक से 2300 रुपये डलवाने के सम्बन्ध में शिकायती दर्ज करायी गयी। पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राईम उत्तर प्रदेश द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व साइबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान द्वारा साइबर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध प्रभारी कार्यवाही किये जाने के क्रम एसपी सोमेन्द्र मीना और एएसपी अनुराग सिंह के कुशल नेतृत्व में उक्त प्रकरण में साईबर सैल थाना शाहबाद द्वारा तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए अभियुक्त के खाते की जानकारी प्राप्त कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक की 2300 रुपये की धनराशि आवेदक के बैंक खाते में 22 अप्रैल को खाते में धनराशि वापस कराई। इस मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक जय प्रकाश सिंह, अतिशय जैन, कम्प्यूटर ऑपरेटर शैलेन्द्र कुमार आदि रहे।



आवेदक को धनराशि लौटाने के पत्र सौंपती शाहबाद पुलिस।

## महिला ने पति समेत चार लोगों पर मारपीट व जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** थाना टांडा क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट और उसके भाई पर हंसिया से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली टांडा पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुरलीवाला थाना जसपुर जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) निवासी मुनेश पत्नी नवनीत उर्फ बंटी ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 4 मार्च 2026 की रात करीब 9 बजे उसके पति नवनीत उर्फ बन्टी ने उसे लात-घूंसों से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि पति ने उसकी आंख, सिर और कान पर कई घूंसे मारे, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं ।पीड़िता के अनुसार घटना के बाद उसने अपने मायके वालों को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलने पर 5 मार्च 2026 को उसके पिता चेतराम सिंह, माता ननिया देवी और भाई बृजेश निवासी ग्राम अब्बास नगर, तहसील टांडा मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान पति नवनीत उर्फ बंटी ने बृजेश पर हंसिया से जानलेवा हमला कर दिया। बचाव में हाथ लगाने पर बृजेश का हाथ कट गया ।महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान सास चन्दन कौर, देवर कपिल और पिन्टू उर्फ हिमांशु तथा पूजा पत्नी पिन्टू ने भी मिलकर उसके भाई और मां के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसकी मां ननिया देवी के सोने के कुंडल भी छीन लिए गए ।पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। इस संबंध में उसने 30 सितंबर 2025 को चौकी जसपुर में शिकायत भी दी थी, जिसके बाद समझौता हो गया था और ससुराल पक्ष उसे वापस ले गया था ।महिला का कहना है कि वह 5 मार्च 2026 को पुलिस चौकी और थाने पहुंची थी, लेकिन होली के कारण शिकायत दर्ज नहीं हो सकी। घटना का मोबाइल वीडियो भी उसके पास साक्ष्य के रूप में मौजूद है ।कोतवाली टांडा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर नवनीत उर्फ बंटी, कपिल, पिन्टू उर्फ हिमांशु और चंदन कौर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**मांग** जनरल फिजिशियन समेत अन्य डाक्टरों के न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही

# मेडिकल कॉलेज बनवाने को लेकर डीएम से मिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कॉलोनी कार्यालय से एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहां पहुंचकर प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी से वार्ता की।



कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम से वार्तालाप करते संदीप अग्रवाल सोनी। -जागरण मोर्चा

इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जनपद में जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना आवश्यक है। क्योंकि इसे शुरू न होने से प्रत्येक वर्ष लगभग 20 हजार मृत्यु हो रही है। हजारों मरीज जिला चिकित्सालय से रेफर होने के बाद बाहर निकलते ही दम तोड़ देते हैं ।जनपद के जिला चिकित्सालय में विभिन्न रोगों के डॉक्टर जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही है अलीगंज बेनजीर गाटा संख्या 476, 481, 482 ,483 व 122 जो की बाग गुलजार ग्राम जगतपुर में स्थित है इस जमीन को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए चिन्हित किया,जो कि जमीन उधान विभाग की है। इस पर सात दिसंबर 2021 को सारी रिपोर्ट तैयार कर ली गई उसके पश्चात सारी रिपोर्ट तैयार के बाद 15 दिसंबर 2021 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध के लिए एक पत्र जारी किया।

22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद प्र संस्करण उत्तर प्रदेश टू सप्रू मार्ग लखनऊ को एक लेटर उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण मेडिकल कॉलेज के लिए करने के लिए पत्र लिखा गया लेकिन आज तक उस पत्र का उद्यान विभाग की तरफ से कोई भी जवाब नहीं आया है उसके पश्चात जनपद में इन्वेस्टर की टीम सर्वे करने के लिए आई इसकी जानकारी भी प्राप्त की। मेडिकल कॉलेज को सरकार की तरफ से मंजूरी की स्थिति पर है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से एक लेटर 28 मार्च 2021 को जिलाधिकारी के कार्यालय को मंजूरी के लिए पुनः लिखा गया है।राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी का कहना है कि जल्दी में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी।

### ज्ञापन देने वालों में यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खा, संगठन मंत्री कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा, विजय अग्रवाल, बाबू खान, शाहिद खुसरो , अब्दुल कादिर, तुफैल अहमद,अंकित सक्सेना ,प्रवीण गुर्जर, विष्णु सैनी, नजाकत अली रयान, आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा के चुनाव की सूचना जारी

**रामपुर।** उपाध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा के सभी सम्मानित आजीवन सदस्यों को अवगत कराया जाता है कि शाखा का चुनाव आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है ।उन्होंने बताया कि ऐसे सभी आजीवन सदस्य जिनके पास सदस्यता से संबंधित रसीद अथवा प्रमाण पत्र उपलब्ध हैं, वे 30 अप्रैल 2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे के मध्य कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कक्ष संख्या- 18 (प्रथम तल) में स्वयं उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सदस्य अपने अभिलेख वरिष्ठ सहायक सुधीर कुमार शर्मा के व्हाट्सएप नंबर 7302548320 पर भी प्रेषित कर सकते हैं।

### ड्रग लाइसेंस का नवीनीकरण, रिटेंशन अपडेट जरूर करें

**रामपुर।** फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन निर्देश के अनुसार अब दवा लाइसेंस का नवीनीकरण, रिटेंशन अपडेट जरूर करें। लाइसेंस को वैध बनाए रखने का प्रमाण-पत्र पूरी तरह ऑनलाइन जारी किया जाएगा। पहले की तरह अलग से भागदौड़ या मैन्युअल प्रक्रिया की जरूरत नहीं रहेगी इसका मतलब लाइसेंस एक्टिव रखने के लिए जो रिटेंशन प्रक्रिया होती है, उसका प्रमाण-पत्र अब सीधे पोर्टल से मिल जाएगा। समय-समय पर अपना ड्रग लाइसेंस का नवीनीकरण, रिटेंशन अपडेट जरूर करते रहें। ताकि लाइसेंस लगातार वैध बना रहे।

# नारी सशक्तिकरण की उड़ान: 16,822 बेटियों को मिला कन्या सुमंगला का लाभ

## विधवा पेंशन योजना से 56,251 महिलाएं हुईं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर




- 56 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में पहुंच रही पेंशन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले में आधी आबादी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकारी योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अब तक जिले की 16,822 बेटियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं, निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत कुल 56,251 महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

सुमंगला योजना से संवर रहा बेटियों का भविष्य मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जिले में बालिकाओं के लिए एक बड़ा वरदान साबित हो रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईराआर्या के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में इस योजना के प्रति लोगों का भारी उत्साह देखने को मिला है, जिसके तहत प्राप्त 429 नए आवेदनों में से 427 को तत्काल स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। पात्र बालिकाओं को शासनादेश के प्रावधानों के तहत छह विभिन्न श्रेणियों में कुल 25,000 रुपये की धनराशि प्रदान की जा रही है।

आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा लाभ बालिकाओं के जन्म और उनके टीकाकरण के समय दिया गया है। इस योजना के धरातल पर उतरने से न केवल बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, बल्कि इससे बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर भी लगाम लग रही है। पात्रों को ही योजना का शत-प्रतिशत लाभ मिले, इसके लिए उपजिलाधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी स्तर से सत्यापन कराया जाता है। जांच के दौरान बच्चों की संख्या दो तक सीमित होने, आयु सीमा और शैक्षिक सत्र में प्रवेश जैसे मानकों को बारीकी से परखा जाता है ताकि कोई भी पात्र परिवार लाभ से वंचित न रहे। यदि सत्यापन उपरान्त शिकायत आती है तो विभागीय कर्मचारियों द्वारा स्थलीय जांच कर उसका तत्काल निस्तारण किया जाता है।

### आर्थिक स्वावलंबन की राह पर महिलाएं

जिले की विधवा और निराश्रित महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पेंशन योजना अत्यंत कारगर सिद्ध हुई है। वर्तमान में जिले की कुल 56,251 महिलाओं को इस योजना का निरंतर लाभ मिल रहा है। इस साल भी प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 275 नई पात्र महिलाओं को योजना से जोड़ा है। लाभार्थियों को प्रतिमाह 1,000 रुपये के हिसाब से त्रैमासिक आधार पर 3,000 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खातों में भेजी जा रही है। इससे महिलाओं की आर्थिक निर्भरता पूरी तरह से कम हुई है और उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है। पारदर्शिता को और अधिक मजबूत करने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में आय प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि पहले केवल घोषणा पत्र के माध्यम से ही लाभ मिल जाता था।

### विवाह सहायता के लिए घर-घर पहुंच रही जागरूकता

निराश्रित महिलाओं की पुत्रियों के विवाह में आर्थिक अड़चन न आए, इसके लिए कन्या विवाह सहायता योजना के तहत 11,000 रुपये की राशि प्रदान करने का स्पष्ट प्रावधान है। योजना में यह अनिवार्य है कि बालिका निराश्रित महिला की पुत्री हो। संबंधित उपजिलाधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी स्तर से पात्रता की जांच होने के उपरान्त तत्काल पारदर्शी तरीके से भुगतान की व्यवस्था की गई है। हालांकि इस वर्ष कार्यालय को इस योजना का कोई नया आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिसे देखते हुए विभाग ने जागरूकता अभियान और तेज कर दिए हैं। जिले की सभी तहसीलों और विकास खंडों में विभागीय कर्मचारियों के माध्यम से विशेष कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को इस योजना के पहलुओं और शासनादेश में अपेक्षित दस्तावेजों की जानकारी दी जा रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र परिवार अपनी बेटियों की शादी के लिए यह महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त कर सकें। भविष्य में इन प्रक्रियाओं और पोर्टल में आवश्यक सुधार कर योजनाओं को और भी बेहतर व सुलभ बनाने की तैयारी है।

# फैक्ट्री से केमिकल निकलने से लोगों को आ रही परेशानियां : जुबैर

- कार्रवाई न होने पर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा बड़े स्तर पर करेगा आंदोलन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भाकियू संघर्ष मोर्चा के युवा जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद ने एक पंचायत को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि रेडिको खेतान फैक्ट्री द्वारा अजीतपुर नई बस्ती में चोरी-छिपे केमिकल युक्त जहरीला पानी रिवर्स किया जा रहा है। यह सीधे तौर पर भूजल को प्रदूषित कर रहा है, जिससे नलों से अब पानी नहीं बल्कि 'बीमारियां निकल रही हैं। पंचायत में जिला महासचिव मोबीन ने प्रशासन और प्रदूषण बोर्ड के बीच गठजोड़ की आशंका जताई।



बैठक को संबोधित करते वक्ता।

क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड मुरादाबाद को शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों ने पहले की जांच में फैक्ट्री को क्लीन चिट दे दी, जबकि हकीकत में बदबू और गंदगी से ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री की गंदगी को खुले में सुखाया जाता है, जिससे हवा और पानी दोनों ज़हरीले हो चुके हैं।अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. निजात ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि अजीतपुर, रोशन बाग और अहमदनगर जागीर के लोग एलर्जी, खांसी, दमा और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में हैं। किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। ग्रामीणों को पीने के लिए स्वच्छ पानी की वैकल्पिक व्यवस्था दी जाए। जुबैर अहमद ने साफ कर दिया है कि अगर फैक्ट्री प्रबंधन और प्रशासन ने अपनी आंखें नहीं खोलीं, तो भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ेगा। इस आंदोलन की कमान संभालने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी अवगत करा दिया गया है। अगर फैक्ट्री ने ज़मीन में ज़हर घोलना बंद नहीं किया, तो चक्का जाम होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर जुबैर अहमद, मोहम्मद आलिम, शराफत अली, शहीद बाबर अहमद, नासिर, प्यारे खान और डॉ. निजात खान समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### महिलाओं को किया गया जागरूक



महिलाओं को जागरुक करती दरोगा।

**मिलक।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति-5 अभियान के द्वितीय चरण के तहत थाना मिलक पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा दल के माध्यम से क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा विभिन्न अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी। महिला सुरक्षा दल की टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों जैसे घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध, दहेज उत्पीड़न आदि के बारे में जागरूक किया। साथ ही उन्हें इन अपराधों की शिकायत करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181 और 1098 की जानकारी भी दी गई। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या खतरे की स्थिति में महिलाएं तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं। इसके अलावा साइबर अपराधों से बचने के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, जैसे अंजान लिंक पर क्लिक न करना, ओटीपी साझा न करना और सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करना ।इस अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया तथा उन्हें किसी भी प्रकार की घटना होने पर बिना डर के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया ।थाना मिलक पुलिस का यह अभियान क्षेत्र में महिलाओं के प्रति सुरक्षा भावना को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे बेहद उपयोगी बताया।

### स्कूल में अर्थ डे की पिक्चर को रंगों से सजाया

**रामपुर।** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में बुधवार को अर्थ डे के अवसर पर विद्यालय में सभी कक्षा के विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं तथा एक्टिविटीज करवाई गई। जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम प्रात: असेंबली में विद्यार्थियों द्वारा अर्थ डे की विशेष प्रस्तुति दी। जिसमें हरी भरी, खुशहाल धरती पर लहराते वृक्षों के बीच पक्षियों को चहचहाते हुए दिखाया। एक स्किट के माध्यम से यह भी दर्शाया कि धरती पर पेड़ों को काटने से हमें किन किन प्रकार की समस्याओं का सामना कर पड़ सकता है ।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने भी विद्यार्थियों को अर्थ डे के बारे में बताते हुए कहा कि सौर मंडल में धरती ही अकेला ऐसा ग्रह है ।जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। किंडरगार्टन वर्ग के विद्यार्थियों ने अर्थ डे से संबंधित कविताएं सुनाई तथा अर्थ डे की पिक्चर को सुंदर रंगों से सजाया। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने भी अर्थ डे से संबंधित बैच तथा कैप बनाए। वहीं दूसरी तरफ सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग आदि एक्टिविटीज की। विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा की गई सभी एक्टिविटीज की सराहना की ।इस अवसर पर विद्यालय के सह प्रधानाचार्य अमित बैनर्जी के साथ विद्यालय को ऑर्डिनेटर में कुलदीप कौर के साथ विद्यालय स्टाफ में सिमरनजीत सिंह, पवन, नसरीन, दीपिका, कुमारी सुमैया, आशा, अदनान, दीपेंद्र, कमला, बबिता, ज्योति, श्वेता आदि लोग उपस्थित रहे।




स्काउट शिविर के समापन पर खड़े प्रधानाचार्य। -जागरण मोर्चा

### प्रशिक्षण का उपयोगकर समाज के हित में करें कार्य

**रामपुर।** जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश कुमार डुडेजा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण का उपयोगकर समाज के हित में कार्य करें और अच्छा नागरिक बनें। जीव विज्ञान प्रवक्ता सचिन कुमार ने पृथ्वी दिवस का उल्लेख करते हुए छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्ष लगाने, जल बचाने , सिंगल यूज्ड पॉलिथीन के बहिष्कार आदि के प्रति सचेत किया। शिविर संचालक प्रवक्ता अर्थशास्त्र राहुल जैन ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन छात्रों को किसी दुर्घटना के कारण मरीज को दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा, ऊंचाई और लंबाई का अनुमान लगाना, टेंट निर्माण , फूड प्लाजा निर्माण की ट्रेनिंग दी गयी थी। शिविर के समापन अवसर पर जिला स्काउट प्रशिक्षण आयुक्त प्रेमपाल सिंह को सम्मानित किया गया। शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चार स्काउट- ध्रुव, मुराद अली, अनस और अयान को बेस्ट स्काउट का पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ टैंट निर्माण का स्थान, नम्बर 5, नंबर 4 के टेंट को मिला। गैजेट तैयार करने, फूड प्लाजा, रंगोली, परेड प्रदर्शन के आधार पर चंद्रशेखर आजाद टोली विजेता रही। नोटबुक प्रतियोगिता में अयान खान, ध्रुव और अनस मियां ने उच्च स्थान प्राप्त किया। सीनियर स्काउट बॉबी सिंह चंदेल और ध्रुव ने शिविर प्रशिक्षण में सहयोग दिया। शिविर में सपना जैन, अर्जुन सिंह, मोहम्मद तौसीफ, शक्ति दीक्षित, संजय गुप्ता, मनोज कुमार ने आदि मौजूद रहे।



पेंटिग को दिखाते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

### चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**रामपुर।** इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत कंपोजिट विकासखंड उच्च प्राथमिक विद्यालय ढक्का हाजीनगर (1-8) में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्राथमिक और जूनियर स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया ।विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर इको क्लब के नोडल शिक्षक मुख्तार अहमद द्वारा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर इको क्लब कैप्टन और वाईस कैप्टन और सदस्यों की घोषणा की गई ।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को पर्यावरण की रक्षा हेतु पेड़ लगाने हेतु, पौधों की देखभाल करने तथा पेड़-पौधों को पानी देते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्यामलाल , कदीर अहमद और इशरत फात्मा आदि उपस्थित रहे ।

# महिलाओं के अधिकारों से खिलवाड़ कर रहा विपक्ष: हरीश गंगवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार को राम विहार भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की ।जिसमें आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक के दौरान सपा, कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में मतदान किए जाने की कड़ी निंदा की गई।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर सपा और कांग्रेस ने यह साफ कर दिया है कि उनकी कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। ये दल वर्षों से महिलाओं के नाम पर राजनीति करते आए हैं, लेकिन जब उन्हें सशक्त बनाने का ऐतिहासिक अवसर आया, तो उन्होंने उसका विरोध कर दिया। लेकिन विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण स्वार्थ और वोट बैंक की राजनीति के चलते महिलाओं के अधिकारों को कुचलने का काम किया है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता जी, विकास दीक्षित, कुँवर बहादुर राजपूत, विवेक रहेला, आकाश सक्सेना, शकुंतला लोधी, अशोक विश्नोई, पूजा शर्मा, मनु सक्सेना, भव्य उप्पल, कमल सिंह लोधी, नरेश सैनी, विक्रम सिंह, शुभम सक्सैना, लाल सिंह प्रजापति, हरिओम सैनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिन्होंने एक स्वर में अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# चाइल्ड हेल्पलाइन रामपुर ने बिछड़े बालक को परिजनों से मिलाया

- मसवासी चौकी प्रभारी अजय शुक्ला को गश्त के दौरान मिला था बालक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता और समन्वित प्रयासों से झारखंड से बिछड़ा 8 वर्षीय बालक सिद्धार्थ को सकुशल उसके माता-पिता से मिलाया।14 अप्रैल को चाइल्ड हेल्पलाइन रामपुर को 1098/112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि चौकी प्रभारी मसवासी अजय शुक्ला को गश्त के दौरान एक बालक सिद्धार्थ लावारिस अवस्था में मिला। सूचना पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या द्वारा तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके बाद जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन निजामुद्दीन के निर्देशन में टीम के सुपरवाइजर मशकूर साहब एवं शिवम सिंह मौके पर पहुंचे। बालक को अपनी सुपुर्दगी में लिया।

अग्रिम कार्यवाही के तहत बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। बालक प्रारंभ में अपनी पहचान बताने में असमर्थ था, जिस पर समिति द्वारा उसे राजकीय बाल गृह शिशु, रामपुर में अस्थायी आश्रय दिलाया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा लगातार काउंसलिंग किए जाने पर बालक ने अपना पता ग्राम नया टोला महाराजपुर, पोस्ट महाराजपुर, पंचायत कल्यानी, जनपद साहेब गंज झारखंड बताया।टीम के निरंतर प्रयासों से बालक के पिता प्रेम रिख्यासन पुत्र सत्यनारायण से संपर्क स्थापित किया।उन्हें रामपुर बुलाया गया। आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत बालक एवं उसके पिता को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के आदेशानुसार बालक की सुपुर्दगी उसके पिता को सौंप दी गई।इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक राजकीय बाल गृह (शिशु) कुलवन्त सिंह, जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन निजामुद्दीन, केस वर्कर संजू कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बालक सिद्धार्थ के माता-पिता ने भावुक होते हुए कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन की मदद से उन्हें उनका बच्चा वापस मिल सका। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

**बैठक** स्कूल चलो अभियान एवं विद्यालय में बच्चों के ठहराव पर दी जानकारी

# नो बैग डे, फन डे, पियर लर्निंग की विद्यालय गतिविधियों में होती अहम भूमिका: अशोक कुमार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ की न्याय पंचायत ककरौआ के ग्राम दनियापुर के मिनी सचिवालय में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपुर के निर्देशानुसार निर्धारित एजेंडे के अनुसार बैठक का आयोजन किया। शुभारंभ डायट प्राचार्य अशोक कुमार, डायट प्रवक्ता/जिला निपुण प्रकोष्ठ प्रभारी बृजराज किशोर, नोडल संकुल प्रसन्न प्रकाश, संकुल शिक्षक चमन सिंह गौतम द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करके किया।



सरस्वती माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करते हुए डायट प्राचार्य अशोक कुमार।




बैठक में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं।

डायट प्राचार्य अशोक कुमार ने विद्यालयों में की जाने वाली गतिविधियों नो बैग डे, फन डे, पियर लर्निंग आदि पर शिक्षकों का उन्मुखीकरण किया।बृजराज किशोर ने स्कूल चलो अभियान एवं विद्यालय में बच्चों के ठहराव पर जानकारी दी। नोडल संकुल प्रसन्न प्रकाश ने इस माह के 30 दिवसीय कार्ययोजना से अवगत कराया कि बच्चों के स्वागत उत्सव, सीखने के स्तर को पहचानना, विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन, बच्चों को विद्यालय से जोड़ने हेतु करवाई जाने वाली गतिविधियां, विद्यालय की विशेष पहचान को जोड़ते हुए जानकारी साझा की।

नवीन सत्र 2026-27 के लिए रोड मैप तैयार करना, शत प्रतिशत नामांकन, समय सारिणी बनाना, प्रभावी प्रार्थना सभा, मासिक पाठ्यक्रम को पूरा करना, निपुण तालिका का उपयोग, डिजिटल संसाधनों का उपयोग करें। ऑनलाइन जो भी सूचनाएं विभाग द्वारा मांगी जा रही हैं उन्हें समय से पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया।

### बैठक में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं

राजबाला देवी, असमत खान, कंचन मिश्रा, गीता वर्मा, डॉक्टर पूनम आनंद, फरहा नाज, मुद्रा गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, रानी, अंजू माथुर, सुमित कुमार, नीलम दिवाकर, गायत्री शर्मा, कामेंद्र सिंह, शकील अहमद, शन्नु खां, मुजीब कमाल, नेहा सक्सैना, मोनू कुमार, सुमित कुमार, दीपमाला, फरहा नाज, मोहम्मद अकरम, आरती, दीपा सैनी, हर्षिता गोयल, कविता, पूजा गुप्ता, नीरज कुमारी, अल्पना चौहान, नीतू, नरेश पाल सिंह, प्रिया चौहान, मोनिका मलिक, प्रीति रानी, स्नेहा धीमान, मंगल सेन, अंकिता रानी, इंदिरा देवी, राम किशोर, नाजिश शुजात, प्रेमपाल, शालिनी अग्रवाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# प्रकृति, पर्यावरण का संरक्षण प्राथमिक हमारी जिम्मेदारी: डीएम

## सरकारी, अर्द्धसरकारी स्कूलों में मनाया गया पृथ्वी दिवस, जिलाधिकारी के नेतृत्व में बमनपुरी स्टेडियम में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ



बमनपुरी स्टेडियम में पौधारोपण करते डीएम। –जागरण मोर्चा

**पृथ्वी दिवस**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में बमनपुरी स्टेडियम में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मां के नाम एक पौधा अभियान के अंतर्गत अधिकारियों एवं स्कूली बच्चों द्वारा पौधारोपण किया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों व स्कूली बच्चों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करना रहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि पृथ्वी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रदूषण एवं घटते वन क्षेत्र आज वैश्विक चिंता के विषय हैं, जिनसे निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में मां के नाम एक पौधा जैसे अभियान न केवल भावनात्मक रूप से लोगों को जोड़ते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी मजबूत करते हैं।इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी श्री प्रणव जैन, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दुर्गेश्वर त्रिपाठी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने चार्ट पेपर व पौधरोपण के चित्र बनाए

**रामपुर।** बुधवार को सिटी मोंटेसरी स्कूल में अर्थ डे धूमधाम के साथ मनाया।जिसमें पर्यावरण को प्रदूषण से बचने पर जोर दिया।जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने चार्ट पेपर व पौधरोपण के चित्र बनाकर पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया।

विद्यालय के प्रबंधक नरदेव सिंह ने बच्चों को बताया कि दुनिया का कोई ऐसा कोना नहीं है जहां पृथ्वी अपने कष्ट को प्रकट न कर रही हो यदि हम ऐसे ही पर्यावरण से खिलवाड़ करते रहे तो वह दिन दूर नहीं कि इसका भुगतान हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना होगा ।स्कूल व समाज में नियमित रूप से जागरूकता के कार्यक्रम चलाने चाहिए! क्योंकि पेड़ लगाना और प्रदूषण कम करना हमारी जिम्मेदारी है। आज हमारी पृथ्वी बढ़ते प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग और वनों की अंधाधुंध कटाई जैसे गंभीर संकटों से जूझ रही है। संसाधनों का अत्यधिक दोहन भविष्य की पीढ़ियों के लिए खतरा पैदा कर रही है इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू लखनपाल शिक्षिका शैलजा कुशवाहा, गुल अफ्शाह बी ईशा गौड़ वेदांती विदुषी आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। –जागरण मोर्चा

## छात्र-छात्राओं ने किया पौधारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां सैदनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। जिसमें पृथ्वी को सुरक्षित रखने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया।स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया।

विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने समझाया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और इनके बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना संभव नहीं है। साथ ही सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की गई।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टर बनाकर, प्रेरणादायक कविताएं सुनाकर और उत्साहपूर्ण नारों के माध्यम से पृथ्वी बचाओ का संदेश प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। पूरे वातावरण में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ ली। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबनम आरा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी लगातार किया जाएगा, ताकि बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती रहे। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ—रीना, बुशरा फिरदौस, आराधना सक्सेना—तथा अभिभावक नाजम, खतीजा, चुन्नी, फैज बी, भूरी अफसरी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।



स्कूल में बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस पर बनाए गई पेंटिग।

## स्लोगन लेखन के जरिए बच्चों ने दिखाई अपनी रचनात्मकता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला नगर स्थित फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों की धूम रही।विद्यालय ने हमारी पृथ्वी, हमारा भविष्य थीम के तहत समाज को जागरूक करने का बीड़ा उठाया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया एक सशक्त नाटक रहा।नाटक के माध्यम से बच्चों ने बढ़ते प्रदूषण, जल की बर्बादी और प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाले खतरों को बखूबी जीवंत किया। विद्यालय के मैनेजर ठाकुर अतुल कुमार सिंह ने बच्चों की इस कलात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि बदलाव की शुरुआत घर और स्कूल से ही होती है।कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन के जरिए भी बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। हेड कुमकुम राजपूत और चंचल प्रजापति ने बच्चों को 'थ्री आर' के सिद्धांत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिदिन के जीवन में कूड़ा न फैलाने का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर स्कूल की कॉर्डिनेटर मुस्कान खान, लीगल हेड चांदनी श्रीवास्तव, सीनियर हेड आकांक्षा मौर्य, कल्चरल हेड डौली गंगवार, प्रियंका,लाजवंती, पायल, ज्योति, मनीषा,शैली श्रीवास्तव, मिष्ठी, तान्या ठाकुर, स्वाति, स्वेता तिवारी, कोमल आदि उपस्थित रहे।



फर्स्ट इम्प्रेशन पब्लिक स्कूल में बनाए गए पोस्टर दिखाते बच्चे। –जागरण मोर्चा

## पृथ्वी दिवस मनाए जाने का मुख्य लक्ष्य धरती को स्वर्ग बनाना: मदन लाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जनगणना प्रशिक्षण में जुटे शिक्षकों ने एक सराहनीय पहल करते हुए पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश दिया।केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का सशक्त उदाहरण बना।

खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षक राकेश विश्वकर्मा ने अपनी संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए पौधे भेंट किए। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ जनगणना प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनर सौरभ सिंह एवं जितेंद्र कुमार को भी पौधे भेंट कर एक पेड़—एक जीवन का संदेश दिया।अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आवाह्न किया। अपनी धरती को हराभरा रखने तथा विद्यालय को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर मनोज कुमार, फिरासत ख़ान, फुरकान मोहम्मद, एकता, सिद्धांत, अभिलाषा वर्मा, इंद्रजीत, अर्चना, अनुसेन्द्र चौहान, शालिनी रावत, प्रसन्न प्रकाश, वंदना यादव सहित अनेक शिक्षक उपस्थिति रहे।



वृक्षारोपण करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा। –जागरण मोर्चा

### सार संक्षेप

#### पृथ्वी दिवस का हुआ आयोजन

**रामपुर।** मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्ला खेड़ा में पृथ्वी दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। पेड़ बचाओ पर बच्चों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा एक और दो के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया। पृथ्वी को बचाते हुए क्लास 4 और पांच की छात्राओं द्वारा रंगोली निर्माण किया। इस अवसर पर गायत्री मौर्य का सहयोग रहा। विद्यालय के बच्चों और अध्यापिका द्वारा विद्यालय को हरा भरा रखने के लिए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। विद्यालय की प्रधानाध्यपिका ने बच्चों को पेड़ों का महत्व समझाया। इस अवसर पर सृष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलाम राणा, गायत्री, भूरी, सुनहरी, एवम सुषमा उपस्थित रहीं।



गमले में पौधा लगाती छात्राएं। –जागरण मोर्चा

#### पृथ्वी दिवस के अवसर पर किया पौधारोपण

**रामपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया।डीएलएड बैच 2025 प्रथम सेमेस्टर के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।तरह-तरह के पौधे लगाए। प्राचार्य अशोक कुमार ने बताया कि कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण का विशेष महत्व है क्योंकि यह स्थान युवाओं के विकास का केंद्र होता है। जब छात्र स्वयं पेड़ लगाते हैं, उनकी देखभाल करते हैं, तो उनमें प्रकृति के प्रति लगाव उत्पन्न होता है। वृक्ष न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि वायु को शुद्ध करते हैं, तापमान को नियंत्रित करते हैं और जीव-जंतुओं के लिए आवास भी उपलब्ध कराते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉलेज प्रशासन, शिक्षक और छात्रों का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे नीम, पीपल, अशोक, आम आदि लगाए जा सकते हैं।इस अवसर पर कक्षा प्रभारी राजीव कुमार एवं प्रवक्ता प्रेमचन्द, शावेज़ लतीफ , श्याम रस्तोगी, राजेश कुमार , बृजराज किशोर, पुष्पा देवी , सचिन कुमार उजमा खानम, अमीर जहां , रोहित दुबे मौजूद रहे।



पौधारोपण करती छात्राएं।

## गेहूं क्रय केंद्रों पर बिचौलिए कमा रहे मोटा मुनाफा: रंजीत

- **किसानों का हक मारने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो भाकियू टिकैत करेगी आंदोलन**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने मंडी में पहुंचकर गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबाद के मंडी समिति में बने गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया जा रहा है।

आरोप लगाया कि गेहूं को आढ़त से खरीदकर गेहूं क्रय केंद्रों पर बिचौलिए मोटा मुनाफा कमा रहे है, जिससे किसानों का हक मारा जा रहा है। चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसानों के साथ इसी तरह नाइंसाफी होती रही तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत केंद्र प्रभारियों के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगी।

इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, चौधरी सुनील कुमार, डॉ फूल सिंह, नरेंद्र यादव, राजवीर यादव, संजीव चौधरी, विकास यादव, तेजपाल सिंह, नवल किशोर, गुफरान खा, लालाराम, महावीर धनगर, जगतपाल सिंह, प्रेम सिंह, रामस्वरूप मौर्य आदि रहे।



शाहबाद की मंडी समिति में गेहूं क्रय केंद्र पर मौजूद भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

## प्रतियोगिता में दिखाई छात्राओं ने रचनात्मकता

**मिलक।** नगर के गुरु नानक एकेडमी में मंगलवार को इंटरहाउस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (पृथ्वी दिवस) का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय के चारों हाउस अग्नि, पृथ्वी, आकाश, अमोघ के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने सेव अर्थ,प्लास्टिक मुक्त जीवन,पेड़ लगाओ पृथ्वी बचाओ जैसे विषयों पर आकर्षक और संदेशपूर्ण पोस्टर बनाए। पोस्टरों में पर्यावरण की वर्तमान स्थिति और उसे बचाने के उपायों को बेहद प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। निर्णायक मंडल ने पोस्टरों का मूल्यांकन रचनात्मक संदेश की स्पष्टता और प्रस्तुति के आधार पर किया।प्रतियोगिता परिणाम प्रथम स्थान कक्षा 6 की समीरा अमोघ, कक्षा 7 के फायजा आकाश हाउस,अंशिका पृथ्वी हाउस,कक्षा 8 की यशिका आकाश हाउस द्वितीय स्थान पूर्वी आकाश, निपिन (अग्नि), तनिष्का (अमोघ), श्रुयांशी (अमोघ हाउस), परिधि (अग्नि), प्रिया (पृथ्वी) तृतीय स्थान आराध्या (अमोघ), मोनिका (पृथ्वी), प्रियांशी (अग्नि), पीयूष (आकाश), आराध्या (अग्नि), ग्रंथ (पृथ्वी)कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान,एमडी मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना व उप-प्रधानाचार्य अमित गंगवार ने विद्यार्थियों की सराहना की।

**कार्यक्रम** पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता कि यह हमारी जिम्मेदारी

# पृथ्वी दिवस पर छात्रों ने पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पृथ्वी दिवस पर ग्रीनवुड स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम और प्रसिद्ध बांसुरी तथा शहनाई वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना का संगीत कार्यक्रम का आयोजन। ग्रीनवुड स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

विद्यालय सभागार में प्रसिद्ध बांसुरी तथा शहनाई वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना का बांसुरी वादन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया।पृथ्वी दिवस हर वर्ष 22 अप्रैल को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा और पृथ्वी के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस उपलक्ष में ग्रीनवुड स्कूल में भी पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया।इस अवसर पर प्रार्थना सभा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्रों ने पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों को दर्शाया गया। इसके अलावा, विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर पौधे लगाए और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। छात्रों नें नाटक और कविताओं के माध्यम से यह संदेश दिया कि यदि हम अभी पृथ्वी की रक्षा नहीं करेंगे, तो भविष्य में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान तथा प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने अपने संबोधन में कहा की पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी है, और हमें इसे स्वच्छ और सुरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों की सार्थकता पर बल दिया। इसके बाद विद्यालय सभागार में प्रसिद्ध बांसुरी तथा शहनाई वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना का सुंदर एवं मनमोहक बांसुरी वादन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडित राजेंद्र प्रसन्ना एक प्रसिद्ध बांसुरी और शहनाई वादक हैं जो बनारस घराने का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने विभिन्न रागों में बांसुरी बजाकर सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति इतनी भावपूर्ण थी कि पूरा सभागार तालिया की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

विद्यार्थियों ने भी इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।उन्होंने संगीत से जुड़े प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान और प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने पंडित राजेंद्र प्रसन्ना को उनकी इतनी सुंदर प्रस्तुति के लिए धन्यवाद किया। आज का यह कार्यक्रम यह सभी के लिए यादगार और प्रेरणादायक साबित हुआ। इस अवसर पर बच्चों और समस्त स्टाफ ने जमकर बांसुरी की धुन पर संगीत का आनंद लिया।



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि एवं बच्चे। –जागरण मोर्चा

## कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी योजना से मूक-बधिर बच्चों को मिलेगा नया जीवन



प्रतिभा पाल, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी योजना के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के मूक-बधिर सुनने एवं बोलने में अक्षम दिव्यांग बच्चों के उपचार का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रति बच्चे लगभग 6 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की जाती है। जिससे पात्र बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी कराई जाती है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए श्रवण बाधित बच्चों के अभिभावकों को जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या-21, विकास भवन में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के लिए आयु प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र मूक-बधिर, निवास प्रमाण पत्र, पिता-अभिभावक का आय प्रमाण पत्र बीपीएल सीमा के दो गुना से अधिक न हो, बच्चे-अभिभावक का आधार कार्ड अथवा अन्य वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने सभी पात्र अभिभावकों से अपील की। वे योजना का लाभ उठाकर अपने बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं।

### 12 को तहसील सदर में लगेगा कैंप: प्रतिभा पाल


जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि विभाग द्वारा कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण के योजना के अंतर्गत मुफ्त कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दिव्यांगों को तीन वर्षों से उपकरण नहीं मिले तो वह व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, कान की मशीन लेने के लिए सीएमओ द्वारा जारी किए गए सर्टिफिकेट के अलावा शहरी क्षेत्र में 56,460, ग्रामीण क्षेत्रों में 46080 रुपये का आय प्रमाण पत्र जो सांसद, विधायक, तहसीलदार, सभासद द्वारा जारी किया गया हो तो उसे कैंप में पंजीकरण कराएं। यह कैंप 4 मई को ब्लॉक बिलासपुर, 5 ब्लॉक चमरौआ, 6 ब्लॉक मिलक, 7 सैदनगर, 8 को शाहबाद और 11 मई स्वार, 12 को तहसील मुख्यालय रामपुर, 13 मई को टांडा में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक लगेंगे।

# सेवानिवृत्त सचिव की गोली लगने से मौत

## मौके पर पहुंची फारेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, पुलिस ने मौके पर मिली रायफल को कब्जे में लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के वैष्णो विहार फैज 4 में सेवानिवृत्त पंचायत सचिव की गोली लगने से संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। परिजनों ने जानकारी कर फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। लोगों का कहना है कि रायफल साफ करते समय गोली लगने की बात कही जा रही है।



सालिगराम सविता का फाइल फोटो।

आवास विकास वैष्णो विहार फैज 4 में सेवानिवृत्त पंचायत सचिव सालिगराम सविता 63 पुत्र राम चंद्र मकान बनवाकर रहते हैं। उन्होंने तीन वर्ष पहले अपने पद से वीआरएस ले लिया था। वह अक्सर बैठक में रहते थे और बैठक का घर में खुलने वाला दरवाजा बंद रखते हैं, जबकि बाहर खुलने वाला दरवाजा खुला रहता था। सुबह 10.45 बजे बैठक से गोली चलने की आवाज आई तो घर में मौजूद पत्नी, बच्चों के साथ आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बैठक का बाहर वाला दरवाजा में जाली का दरवाजा बंद था, जिसे तोड़कर परिजन अंदर पहुंचे तो सेवानिवृत्त पंचायत सचिव का शव जमीन पर लहुलुहान हालत में पड़ा था। गोली थोड़ी के नीचे लगने से सिर का काफी हिस्सा गायब था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। कुछ देर बाद पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। मौके पर पुलिस को रायफल मिली। परिजनों ने बताया कि वह सुबह रायफल साफ करने को बैठक में लेकर गए थे। घटना की सूचना पर सीओ डा. प्रदीप कुमार व फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। सीओ ने घटना की जानकारी की तथा फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। घटना से पत्नी मनीष वाला, पुत्री दीक्षा, प्रतीक्षा व पुत्र प्रबंधु का रो-रोकर बुरा हाल बना है। पुलिस ने मौके पर मिली रायफल को कब्जे में लिया है और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



घटनास्थल से साक्ष्य जुटाती फारेंसिक टीम व मौजूद सीओ। -जागरण मोर्चा

*गोली लगने से सेवानिवृत्त की मौत की सूचना मिली थी। घटना की जांच कराई जा रही है। फारेसिंक टीम ने मौके पर पहुंच घटनास्थल से साक्ष्स जुटाए हैं। -डा. प्रदीप कुमार सिंह, सीओ, चन्दौसी*



घटना के बाद विलाप करते परिजन। -जागरण मोर्चा



रायफल कब्जे लेकर जाते फारेंसिक टीम।

### एक नजर



पति पत्नी से वार्ता करते काउंसलर।

### पुलिस की पहल से फिर एक हुआ परिवार

**चन्दौसी।** संभल एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन एवं क्षेत्रधिकारी डा. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलर द्वारा किया गया। जहां कुल 20 पत्रावली को सुना गया। जिसमें एक परिवार का समझौता कराया गया। इसके साथ 7 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण उनको बंद किया गया।

### 26 मई को समस्त ग्राम प्रधानों का कार्यकाल हो रहा समाप्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों का पांच वर्ष का कार्यकाल आगामी 26 मई 2026 को पूर्ण होने जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) आलोक शर्मा ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी ग्राम विकास अधिकारियों और प्रधानों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

डीपीआरओ ने स्पष्ट किया कि कार्यकाल समाप्ति से पूर्व ग्राम पंचायतों के खातों में उपलब्ध धनराशि से शेष विकास कार्य अनिवार्य रूप से पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत सहायक, केयर टेकर और ग्राम प्रधानों के मानदेय का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाए। यदि भुगतान संबंधी कोई शिकायत आती है या बजट से अधिक खर्च होता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित ग्राम प्रधान और सचिव की होगी। प्रशासन ने सभी कार्यों में पारदर्शिता बरतने और लंबित भुगतान निपटाने की चेतावनी दी है।

# निजी अस्पताल में किशोरी की मौत पर बवाल, डॉक्टर और स्टाफ हिरासत में

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के असालतपुर जारई रोड स्थित निजी हास्पिटल में 15 वर्षीय किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने हास्पिटल स्टाफ पर उपचार में लापरवाही व मारपीट करने का आरोप लगाया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस चिकित्सक व स्टाफ को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई।



मोनम का फाइल फोटो।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र गांव औरछी निवासी खलेंद्र ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री मोनम को उपचार के लिए भर्ती कराया था। बुधवार की सुबह किशोरी की हालत बिगड़ी तो हास्पिटल स्टाफ ने इंजेक्शन लगा दिया। आधा घंटा बाद भी किशोरी की हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने दोबारा चिकित्सक से शिकायत की। परिजनों का आरोप है कि इसकी बाद हास्पिटल स्टाफ ने पुत्री के कागज तैयार कर रेफर कर दिया और एंबुलेंस भी बुला ली। पुत्री के विषय में पूछने पर किसी प्रकार का कोई जवाब नहीं दिया। जब हास्पिटल स्टाफ से कहासुनी हुई तो उन्होंने परिजनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। सुबह 11 बजे किशोरी ने दम तोड़ दिया। इस पर परिजन भड़क गए और मौके पर पुलिस बुला ली। किशोरी की मां पार्वती ने बताया कि हास्पिटल के चिकित्सक व स्टाफ की लापरवाही से पुत्री की मौत हुई है। पुत्री को क्या बीमारी थी, यब भी चिकित्सक ने नहीं बताया। पूछताछ करने पर हमारे साथ हास्पिटल स्टाफ ने मारपीट की है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने चिकित्सक व स्टाफ को हिरासत में लिया है।



हास्पिटल में हंगामा करते परिजनों को रोकती पुलिस। -जागरण मोर्चा



हास्पिटल में परिजनों से जानकारी करते सीओ। -जागरण मोर्चा

हास्पिटल में किशोरी की मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और जानकारी कर रही है। परिजनों ने हास्पिटल स्टाफ पर उपचार में लापरवाही करने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है। इसके बाद ही अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **-डा. प्रदीप कुमार सिंह, सीओ, चन्दौसी**

# ट्रेन का इंतजार कर रहे पूर्व ग्राम प्रधान की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय


**चन्दौसी।** रेलवे स्टेशन पर दवा लेने अलीगढ़ जा रहे बीमार पूर्व ग्राम प्रधान की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। कुछ देर बाद परिजन शव को अपने घर ले गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव पतरौआ निवासी पूर्व ग्राम प्रधान जबर सिंह 65 पुत्र झम्मन लाल का टीबी का उपचार अलीगढ़ से चल रहा है। बुधवार की सुबह 11 बजे पूर्व प्रधान अपनी पत्नी माया देवी के साथ अलीगढ़ जाने को रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। टिकट लेने के बाद दंपती प्लेटफार्म नंबर 3 पहुंच ट्रेन आने का इंतजार करने लगा। तभी पूर्व ग्राम प्रधान की तबियत बिगड़ने लगी। सूचना पर जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंची और महिला से जानकारी की। इसके जीआरपी ने रेलवे के चिकित्सक को मौके पर बुलाया। चिकित्सक ने पूर्व ग्राम प्रधान को देखते ही मृत घोषित कर दिया। पति की सूचना मिलने पर पत्नी विलाप करने लगी। जीआरपी की सूचना पर मृतक के दोनों पुत्र राकेश व अजय भी रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। जीआरपी ने कागजी कार्रवाई के बाद शव पुत्रों के सौंप दिया। इसके बाद परिजन शव अपने घर ले गए।

# भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंच 3 सूत्रियें ज्ञापन एसडीएम नीतू रानी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है।

आवारा पशु किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जबकि यह आवारा पशु सड़कों पर हादसों का कारण भी बन रहे हैं। इसलिए किसान प्रशासन से मांग करते हैं कि वह आवारा पशुओं को तत्काल गोशाला भिजवाए। इसके अलावा किसानों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली के बिल कई गुना बढ़कर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण मीटर रीडिंग भी सही नहीं हो रही हैं। पुराने मीटर से ही बिलिंग की जाए या स्मार्ट मीटर की खामियों को दूर किया जाए। शादी समारोह में गैस सिलेंडर न मिलने की समस्या बनी हुई है। शादियों के सीजन में परिवार को केवल एक कनेक्शन पर सीमित सिलेंडर मिलते हैं, जिससे सैकड़ों मेहमानों का भोजन पकाना मुश्किल हो रहा है। गैस एजेंसी भी अरितिक्त सिलेंडर देने से मना कर देती हैं। मांग की गई कि शादी समारोह के लिए प्रशासन विशेष व्यवस्था कराकर 4 से 5 अतिरिक्त सिलेंडर उपलब्ध कराए। एसडीएम ने सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाकियू टिकैत के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के प्रतिनिधि अंकित ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

**▸ एसडीएम ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया**

# मृत पत्नी का वोट बनवाने के लिए आवेदन पत्र भरने का लगा आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**▸ अधिवक्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की**

**चन्दौसी।** एसआईआर के दौरान मृत पत्नी का वोट बनवाने के लिए आवेदन पत्र भरकर निर्वाचन प्रक्रिया को धोखा देकर भ्रमित करने को लेकर अधिवक्ता हरीश कठैरिया ने एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है। इसके साथ ही अधिवक्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। साथ ही जांच करके आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता ने बताया कि नगर के मोहल्ला राज निवासी सुनील कुमार पुत्र स्वः रामस्वरूप ने पूरे एसआईआर प्रक्रिया को धता बताते हुए 15 -16 साल पूर्व अपनी मृत पत्नी कृष्णा कुमारी का वोट बनवाने के लिए फार्म भरकर जानबूझकर कपटपूर्ण तरीके से जमा करवा दिया है। शायद सुनील कुमार ऐसा करके वह आगामी चुनाव में पत्नी का वोट किसी अन्य महिला से डलवाकर मताधिकार का दुरुपयोग कर सकेंगे। इस प्रकार मृत व्यक्ति का वोट बनवाना भी शासन प्रशासन के साथ सरासर धोखाधड़ी है और कानून दंडनीय अपराध है। ऐसे लोगों के लिए यदि दंडित ना किया गया तो कुछ भी गैरकानूनी काम करते हुए समाज के लोगों को कुप्रेरित करते रहेंगे। इसलिए जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर आरोपित पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए जिससे फिर कोई ऐसा कार्य न कर सकें।

# हेल्पलाइन नंबरों से महिला सुरक्षा का पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी, सहायक नोडल मिशन शक्ति अभियान दीपक कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया।

जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों, कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



महिलाओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम। -जागरण मोर्चा

**▸ बाजारों और स्कूलों में बांटे हेल्पलाइन नंबर के पंपलेट**

**धरा-संरक्षा** नन्हे-मुन्नों ने 'धरती बचाओ-पेड़ लगाओ' के संदेश संग पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

# एबीसी किड्स में बच्चों ने हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधियां व प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई।

बुधवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कविता, अभिनय तथा पृथ्वी से संबंधित आकर्षक प्राप्स तैयार करके लाए। बच्चों ने धरती बचाओ, पेड़ लगाओ, जल बचाओ, पालीथिन का उपयोग न करें जैसे संदेश अपनी कविताओं व प्रस्तुतियों के माध्यम से दिए। जिससे सभी उपस्थित लोग प्रेरित हुए। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर हैं और इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यदि हम छोटे-छोटे प्रयास जैसे पौधे लगाने, पानी की बचत करना व स्वच्छता बनाए रखना अपने जीवन में बनाए, तो हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। अनुराग भार्गव ने कहा कि हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलना चाहिए और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिससे भविष्य में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके। अंत में प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें कक्षा 5 के धनक ने प्रथम, अभिनव ने द्वितीय, एंजल व वैष्णवी ने तृतीय, कक्षा 4 में दर्श ने प्रथण, बुशरा ने द्वितीय, साक्षी ने तृतीय, कक्षा 3 में नयन ने प्रथम, राइली ने द्वितीय, कनिका ने तृतीय, कक्षा 2 में माधव व अभिराज ने प्रथम, दानियाल व आकिब ने द्वितीय, अथर्व व नसीरा ने तृतीय, कक्षा एक में जसनूर, समरत, आवान ने प्रथम, हीर, कार्तिक दयाल ने द्वितीय, अफान, सौम्या, कामना, मायरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी बच्चों व शिक्षिकाओं ने मिलकर पृथ्वी को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर काजल, प्रिया, सिल्की, इशिता, शालू, निशा, सोनल, सरिता, अंकिता, मीनू, गौरव, शिल्पा आदि मौजूद रहे।





कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चे। -जागरण मोर्चा



आवास विकास के पार्क में पौधरोपण के बाद संदेश पोस्टर के साथ बच्चे।

### पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण, रैली निकालकर नागरिकों को किया जागरुक

**चन्दौसी।** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रकृति व पर्यावरण के प्रति जागरुकता पैदा करना रहा। कक्षा 6 से 8 के छात्र-छात्राओं ने पेड़ लगाओ, धरती बचाओ, जल है तो कल है, प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ के नारों के साथ स्कूल से मौलागढ़ तक रैली निकाली तथा नागरिकों को जागरुक किया। रैली के बाद कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर व आसपास 30 पौधों से अधिक का रोपण किया गया। प्रधानाचार्य कपिलदीप वार्ष्णेय ने सभी बच्चों एवं अध्यापकों को यह शपथ दिलाई कि सभी अपने जन्म दिवस वाले दिन एक पौधा अवश्य लगाए। अभिभावकों से भी अपील की कि वह भी प्रकृति को सुंदर बनाने को समाज से आगे बढ़कर अपने बच्चों के जन्मदिन पर एक-एक पौधा अवश्य लगाने का आह्वान किया गया। कहा कि पृथ्वी का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य शुभम अग्रवाल, शोभित राघव, पुष्पेंद्र सिंह, अमित चौहान, आशा भारती, नंदिता शर्मा, शालिनी शर्मा, पर्व कुमार, अनीता राघव, परमवीर सिंह, दुपेंद्र सिंह, आशीष यादव, भास्कर यादव, शीतल प्रजापति आदि मौजूद रहे।



श्री साईं बाल विद्या मंदिर स्कूल में रंगोली मनातीं स्कूलीं बच्चें। -जागरण मोर्चा

# संस्कार भारती ने रंगोली के जरिए उभारी बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के शास्त्री नगर स्थित श्री साई बाल विद्या मंदिर स्कूल में बुधवार को भू-अलंकरण दिवस के अवसर पर संस्कार भारती की नगर कमेटी द्वारा रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापिकाओं ने मिलकर अत्यंत मनमोहक और कलात्मक रंगोली का निर्माण किया, जिसने सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय कला और संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। रंगों के समंवय और सुंदर आकृतियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान रामकिशोर मिश्र, रविन्द्र सक्सैना, विनोद विश्वकर्मा, रमेश चन्द्र बोहरा, लता सहाय, ववित‍ा सहित स्कूल स्टाफ का सहयोग रहा।

# पृथ्वी दिवसः वृक्षारोपण का संकल्प

## नागपाल इंटरनेशनल और नॉर्दन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को 'पृथ्वी दिवस' का आयोजन उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया। इस दौरान बच्चों ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित कविताएं, भाषण और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत किये।

विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से से जुड़कर बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारा घर है और इसकी सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हमें अपना कल सुरक्षित रखना है तो बदलाव की शुरुआत आज से ही करनी होगी। इसीलिए, हम सब मिलकर प्लास्टिक को 'न' कहें, अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई को रोकें। हम सबका छोटा-सा प्रयास भी बड़ा परिवर्तन ला सकता है। कक्षा 5 के बच्चों ने 'धरती मां की पुकार' शीर्षक से एक भावपूर्ण कविता सुनाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सन्देश देते हुए कहा कि यदि हम आज भी जल, वायु और वृक्षों की रक्षा के प्रति सजग नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को सूखा, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं जैसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। प्रधानाचार्या निशि सिंह ने बच्चों को पर्यावरण मित्र बनने की शपथ दिलाई। बताया कि विद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए 'नो प्लास्टिक जोन' अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। उधर नगर के नॉर्दन पब्लिक स्कूल में भी पृथ्वी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक अमित खंडूरी ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य मनोज गोयल ने ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकाधिक पौधारोपण का आह्वान किया।



नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में 'पृथ्वी दिवस' पर नाटक प्रस्तुत करते बच्चे।



पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करते हुए। –जागरण मोर्चा

### चौ. टी आर मेमोरियल पब्लिक स्कूल बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया पृथ्वी दिवस

**हसनपुर।** नगर स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में 'पृथ्वी दिवस' के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक (अपराध) अमरपाल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हुए जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। समारोह के दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों और 'धरती को बचाना है, हर किसी को एक पेड़ लगाना है' जैसे नारों से प्रकृति रक्षा का संदेश दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर प्रबंधक इंद्रेश देवी, डायरेक्टर चमन लाल, ट्रेजरर अमन प्रिंस और प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता समेत समस्त स्टाफ ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रयासों की शपथ ली।

### एक नजर

#### पुरानी रंजिश में दंपती पर लोहे की रॉड से हमला, पति की हालत गंभीर

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में आपसी विवाद को लेकर चार सगे भाइयों ने एक दंपती पर लोहे की रॉड और डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पीड़िता के पति के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि पत्नी भी घायल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी कमलेश पत्नी भोजीन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की देर शाम पीड़िता का पति घर पर मौजूद था। आरोप है कि तभी गांव के ही श्रीपाल, सत्येंद्र, जोगिंद्र और दिनेश पुत्रगण संतू हाथ में लोहे की रॉड और डंडे लेकर उनके घर आ धमके। गाली–गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने दंपती को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हमले में भोजीन्द्र के सिर में गहरी चोट लगने से वह लहूलुहान हो गए। चीख–पुकार सुनकर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कारपेंटर के घर हुई लाखों की चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बैठक की खिड़की तोड़कर मकान में दाखिल हुए चोरों ने 70 हजार की नकदी समेत लाखों रुपए के आभूषण व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। गृह स्वामी के बेटे की 20 दिन पूर्व शादी हुई थी, जिसमें दहेज में मिला सभी समान भी चोर ले गए। बरामदे में सो रही गृह स्वामी व परिवार के अन्य लोगों को बुधवार सुबह घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

जानकारी के मुताबिक थाना आदमपुर क्षेत्र के साथलपुर निवासी कारपेंटर छिददा सैफी नगर की अब्दुल्ला कॉलोनी के बाहरी छोर पर मकान बनाकर रह रहे हैं। छिददा सैफी दिल्ली में कारपेंटर का काम करते हैं। मंगलवार रात उनकी पत्नी


चोरों द्वारा तोड़ी गई खिड़की।

जैनब, बेटा अनस, दामाद हारिश व बेटी आसमा मकान के बरामदे में सो रहे थे। रात में किसी वक्त चोर बैठक की खिड़की तोड़कर घर में दाखिल हुए। दो कमरों में रखे सोने व चांदी के आभूषण तथा 70 हजार की नगदी आदि समान चोर ले गए। बुधवार सुबह करीब 6:00 बजे आंख खुलने पर घटना की जानकारी हुई। जैनब ने बताया कि बीती 2 अप्रैल को उनके बेटे राशिद की शादी हुई थी। दहेज में मिले बहू नूरसबा के सभी आभूषण चोर ले गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई जा रही है। खाली संदूक व खाली गैस सिलेंडर बुधवार सुबह मकान से कुछ दूरी पर प्लाटिंग में पड़े मिले। बताया जा रहा है कि चोरों ने साथलपुर निवासी इस्तखार के बंद मकान के ताले तोड़कर भी चोरी का प्रयास किया लेकिन, यहां चोरों के कुछ भी हाथ नहीं लगा। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि चोरी की जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस को मौके पर भेजा गया है। अभी इस संबंध में तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## 1 मई से होगा गन्ना सर्वे का कार्य प्रारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** गन्ना पेराई सीजन की समाप्ति के बाद अब अगले वर्ष की तैयारी शुरू हो गई है। सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ के सचिव खेत सिंह ने बताया कि 1 मई 2026 से क्षेत्र में गन्ना सर्वे का कार्य शुरू होगा। इसके लिए गन्ना समिति और शुगर मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं। सचिव ने स्पष्ट किया कि सर्वे के आधार पर ही गन्ने की वास्तविक स्थिति और पर्चियों का निर्धारण होगा। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा और गन्ना संबंधी किसी भी समस्या का त्वरित निस्तारण होगा। साथ ही, उन्होंने बताया कि क्षेत्र की मिलों ने समय से भुगतान किया है और यदि किसी किसान का भुगतान शेष है, तो वह भी शीघ्र कर दिया जाएगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में स्वागत एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के सत्यप्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को भव्य 'स्वागत एवं विदाई समारोह' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने की।

समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के नवआगंतुक प्रधानाचार्य अजय वर्मा का तिलक लगाकर और माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। वहीं, पूर्व प्रधानाचार्य सुशील कुमार को


प्रदेश सह मंत्री अक्षी अग्रवाल।

उनके समर्पित कार्यकाल के लिए भावभीनी विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रांत सह-मंत्री अक्षी अग्रवाल ने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन शिक्षा में नई ऊर्जा लाता है। सुशील कुमार की सेवाएं प्रेरणास्रोत रहेंगी। अंत में विद्यालय समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अनेक गणमान्य व्यक्ति और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पृथ्वी दिवस पर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** बुधवार को हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में पृथ्वी संरक्षण दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली गयी।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई एवं उप प्रधानाचार्य सलभ माथुर द्वारा समस्त शिक्षकों के साथ वृक्षारोपण के साथ किया गया। साथ ही पृथ्वी संरक्षण दिवस के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा पृथ्वी संरक्षण एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने की भी शपथ ली गई और साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पृथ्वी बचाओ, वातावरण स्वच्छ बनाओ, एवं जल संरक्षण करने हेतु विभिन्न प्रकार जैसे पोस्टर



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्रा व स्टाफ। –जागरण मोर्चा

मेकिंग, निबंध लेखन, एवं भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने पृथ्वी संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रकृति द्वारा पृथ्वी हमें दिया गया निशुल्क उपहार हैं। इसलिए हमें अपने पर्यावरण एवं अपनी पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए साथ ही हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्लास्टिक जैसी वस्तुओं से परहेज करना चाहिए। इस प्रकार विद्यालय प्रधानाचार्या ने पृथ्वी संरक्षण दिवस पर अपने विचारों को प्रस्तुत कर सभी को पृथ्वी संरक्षण दिवस हेतु लाभान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# द मिल्लत स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** द मिल्लत स्कूल, कांठ में बुधवार को पृथ्वी दिवस उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पृथ्वी संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण बचाने, जल संरक्षण करने तथा स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी बचाने से जुड़े प्रेरक


पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में भाग लेते छात्र छात्रा व स्टाफ। –जागरण मोर्चा

भाषण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्रों ने पौधे लगाए तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस विषय पर आकर्षक पोस्टर एवं मॉडल भी तैयार किए, जिन्हें सभी ने सराहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने, पेड़ लगाने और प्रदूषण कम करने की शपथ ली। विद्यालय परिसर में पूरे दिन पर्यावरण संरक्षण को लेकर उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

'लक्ष्य-सिद्धि' 19वें सत्र में 'फ्रॉम प्रीप्रेशन टू पर्पज़' विषय पर साझा किए सिविल सर्विस के अनुभव

# सफलता के लिए आईएएस सोनल गोयल का '5C' मंत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की लीडरशिप टॉक सीरीज के 19वें सत्र में फ्रॉम प्रीप्रेशन टू पर्पज लाइफ लेशंस फ्रॉम द सिविल सर्विस जर्नी में त्रिपुरा सरकार में सचिव, प्रख्यात लेखिका और टीडीएक्स स्पीकर आईएएस सोनल गोयल बोलीं कि सफलता के लिए स्टुडेंट्स अपनाएं 5सी- क्लैरिटी, करेज, कंविक्शन, कंसिस्टेंसी और कंपैशन फॉर्मूला।

त्रिपुरा सरकार में सचिव, प्रख्यात लेखिका और टीडीएक्स स्पीकर आईएएस सोनल गोयल ने कहा, जीवन में असफलता से डरने की नहीं, बल्कि उसे स्वीकार करते हुए सीखने की जरूरत है। अक्नॉलेजमेंट और एनालिसिस के



जरिए व्यक्ति अपनी गलतियों को समझ सकता है और उन्हें सुधार सकता है। असफलता को विकास का साधन बताते हुए बोलीं, जब तक आप खुद हार नहीं मानते, कोई आपको हरा नहीं सकता। उन्होंने स्टुडेंट्स को सफलता के लिए 5 सी फॉर्मूला- क्लैरिटी, करेज, कंविक्शन, कंसिस्टेंसी और कंपैशन को अपनाने की सलाह दी। इससे पूर्व आईएएस सोनल गोयल, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, प्रो. सुशील कुमार, डॉ. अलका अग्रवाल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके ऑडी में टॉक सीरीज का शंखनाद किया।

प्रख्यात लेखिका एवं आईएएस सोनल गोयल ने अपने अनुभव साझा करते हुए त्रिपुरा में दूरदराज के इलाकों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास भी विस्तार से बताए। सीमित संसाधनों के बावजूद सहयोग और स्पष्ट उद्देश्य से सकारात्मक बदलाव संभव है। महिला सशक्तिकरण पर कहा, आज भी महिलाओं की राह आसान नहीं है। समय प्रबंधन, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मविश्लेषण और अनुशासन को सफलता का आधार बताते हुए उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें समाज सेवा से जोड़ने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उल्लेख करते हुए कहा, छोटा लक्ष्य रखना एक अपराध है। लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा, जीवन को जिस नजरिए से हम लेते हैं, वही हमें लौटकर मिलता है। अगर हम जिंदगी को गंभीरता से लेंगे, तो जिंदगी भी हमें गंभीरता से लेगी, और अगर हम इसे हल्के में लेंगे, तो परिणाम भी वैसा ही होगा। उन्होंने बताया, किताबों से ज्ञान तो मिलता है, लेकिन व्यावहारिक समझ नहीं मिलती। यह सत्र स्टुडेंट्स के लिए वास्तविक जीवन के मार्गदर्शन जैसा है। टॉक सीरीज में टिमिट, लॉ कॉलेज, फिजिकल एजुकेशन और फाइन आर्ट्स कॉलेज के स्टुडेंट्स आदि मौजूद रहे। संचालन असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद ने किया।

## इंतजार खत्म, यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम आज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम आज, 23 अप्रैल को शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा। रिजल्ट को लेकर तहसील क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों में उत्सुकता का माहौल है। इस वर्ष क्षेत्र में कृषक इंटर कॉलेज, डीएसएम इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज सहित कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनका उपसंकलन केंद्र डीएसएम इंटर कॉलेज रहा। परिणाम की घड़ी नजदीक आते ही छात्र-छात्राएं मंदिरों में माथा टेक कर अच्छे अंकों की प्रार्थना कर रहे हैं, वहीं अभिभावकों की धड़कनें भी तेज हैं। शिक्षकों के अनुसार परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई थीं, जिससे इस बार बेहतर परीक्षा फल की उम्मीद जताई जा रही है।

### संक्षेप समाचार

#### जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे, चाचा-भतीजे भिड़े

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्ष आमने–सामने आ गए। चाचा और भतीजों के बीच हुई जमकर मारपीट चले लाठी–डंडे जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार गांव सिरसा गुर्जर निवासी जोगिंदर पुत्र मलखान का अपने सगे चाचा सुखदेव और बलवंत के साथ लंबे समय से भूमि विवाद चल रहा है। मंगलवार की सुबह इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते मौके पर लाठियां चलने लगीं, जिससे गांव में अफरा–तफरी मच गई। मारपीट में एक पक्ष से बलवंत और दूसरे पक्ष से कुलदीप घायल हो गए।घटना के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक–दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि वायरल वीडियो और तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। फिलहाल एक आरोपी कुलदीप को हिरासत में लेकर शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया गया है।

#### बीच चौराहे पर दो सभासदों के बीच हुई मारपीट

**हसनपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के संभल अड्डा चौराहे पर दो सभासदों के बीच हुई हिंसक झड़प चर्चा का विषय बनी हुई है। वार्ड नंबर–20 के सभासद पर अपने ही साथी सभासद के साथ गाली–गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। मंगलवार की देर शाम नगर पालिका परिषद के वार्ड सभासद शाहनवाज अंसारी ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल की शाम जब वह आजाद मार्केट की तरफ से आ रहे थे, तभी संभल अड्डा चौराहे पर वार्ड नंबर–20 के सभासद जाहिद अली ने उनकी मोटरसाइकिल रोक ली। आरोप है कि जाहिद ने वार्डों में हो रहे विकास कार्यों के भेदभाव का आरोप लगाते हुए शाहनवाज को गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी, जिससे शाहनवाज की बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।शोर सुनकर मौके पर पहुंचे जावेद और हसन अली समेत अन्य लोगों ने बीच–बचाव कराया। जाते समय आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा तक का लिया गया है जांच शुरू कर कार्रवाई की जाएगी।

#### दुल्हन के स्वागत में आतिशबाजी पड़ी भारी, किसान की पशुशाला जली, चार पशु झुलसे

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के गांव खेलिया पट्टी में बुधवार सुबह खुशियों का माहौल उस वक्त मातम में बदल गया, जब एक घर में दुल्हन के आगमन पर की जा रही आतिशबाजी ने पड़ोसी किसान की पशुशाला में आग लगा दी। इस भीषण अग्निकांड में चार पशु बुरी तरह झुलस गए, जिससे किसान को भारी आर्थिक क्षति पहुँची है। जानकारी के अनुसार गांव में एक युवक की बारात मंगलवार की शाम गई थी और बुधवार की सुबह वापिस लौटी थी। घर पर दुल्हन के आगमन पर उत्साह में परिजनों व रिश्तेदारों ने जमकर आतिशबाजी छोड़ी। आतिशबाजी से निकली एक चिंगारी पास ही स्थित किसान सुरेश पुत्र झंडू की पशुशाला के छप्पर पर जा गिरी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।पशुशाला से लपटें उठती देख गांव में अफरा–तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वहां बंधे तीन भैंस और एक लवारा बुरी तरह झुलस गए। पीड़ित किसान राहुल कुमार ने बताया कि उन्होंने हाल ही में 75 हजार रुपये की भैंस खरीदी थी। घटना की सूचना पर पुलिस और पशुपालन विभाग की टीम ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। डॉक्टर घायल बेजुबानों के उपचार में जुटे हैं।


घायल पशु। –जागरण मोर्चा

#### बरात से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर दीपपुर गेट के पास बरात से लौट रहे एक युवक को बाइक सवार दबंगों ने रोककर लाठी–डंडों से बेरहमी से पीटा। शोर मचाने पर राहगीरों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। गजरौला थाना क्षेत्र के गाव चाकी खेड़ा निवासी पीड़ित पवन पुत्र खजान सिंह ने बताया कि मंगलवार की देर शाम वह कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसोली में एक बारात में शामिल होने गए थे। शाम करीब 6 बजे जब वह अपनी कार से वापस लौट रहे थे, तभी बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी को रोक लिया और गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया, जिससे पवन की नाक और कंधे पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों की मदद से आरोपियों की पहचान सुमित, अभिषेक, बिजेंद्र निवासी आगापुर और अंकित निवासी सहसोली के रूप में की है। पुलिस ने तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

**गजरौला।** घरेलू कलह के बाद मायके में रह रही एक विवाहित महिला को उसके पति ने तीन तलाक दे दिया। इतना ही नहीं मारपीट भी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के रोशन जहां पत्नी सलीम पुत्री महमूद अली नगर के मौहल्ला अल्लीपुर मछली मंडी की निवासी है। उसकी शादी वर्ष 2014 में सलीम पुत्र मौ0 यासीन निवासी जलालूद्दीन वाली गली नई बस्ती कस्बा व थाना नौगावा सादात जिला अमरोहा के साथ हुई थी। पति से विवाद होने के बाद रोशन जहां अपने मायके आ गयी थी। आरोप है कि 19 अप्रैल में उसका पति सलीम, जेठ मौ0वसीम, हसमुद्दीन व अफसाना उसके घर आये और उसके साथ मारपीट की, वहीं सलीम ने रोशन जहां को तीन बार तलाक, तलाक, तलाक कहकर तलाक दे दिया। रोशन जहां ने बचाने के लिए शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्र होने लगे, यह देखकर आरोपी वहां से भाग गए। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सलीम, वसीम, हसमुद्दीन और अफसाना के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

#### वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल सिंह प्रजापति को आयोजित शोकसभा में दी श्रद्धांजलि

**कांठ।** नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय राजपाल सिंह प्रजापति के निधन पर बुधवार को भाजपा कार्यालय वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी के क्रेशर पर शोक सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने स्व. राजपाल सिंह प्रजापति के व्यक्तित्व एवं उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उन्हें एक कर्मठ एवं समर्पित नेता बताया। इस अवसर पर सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने स्व. प्रजापति के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, पूर्व जिला महामंत्री राजन विश्नोई, मण्डल अध्यक्ष अंकुश चौहान, सत्यवान राजपूत, रिजवान अल्वी, देवराज सिंह, प्रमोद चौहान, मा. हरि सिंह, डॉ नेपाल सिंह, अमरीश शर्मा, निरूपम विश्नोई, साजिद सलमानी, प्रमोद विश्नोई, गौरव विश्नोई, धर्मेंद्र जाटव आदि उपस्थित रहे।

#### तीन दिवसीय स्कॉउट गाइड शिविर का समापन

**कांठ।** बुधवार को भीकनपुर स्थित राजेंद्रा एकेडमी में स्काउट गाइड के अंतर्गत 20 अप्रैल से चल रहे तीन दिवसीय कैंप के अंतिम दिन टेंट पिचिंग एक्टिविटी का आयोजन किया गया। स्काउट गाइड कैंप में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने अपने अपने समूह के बच्चों के साथ टेंट बनाये। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह तथा प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता रानी ने स्काउट–गाइड द्वारा बनाये गये सभी टेंटो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम लीडर्स ने बताया कि घर से बाहर रहने के दौरान आप किस तरह से टेंट बनाकर उसमें रह सकते हैं। साथ ही बच्चों ने बताया कि उन्होंने नो फायर कुकिंग एक्टिविटी भी की। सभी क्रिया कलापों में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में विद्यालय के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने बताया कि स्काउट गाइड, एनसीसी जैसी गतिविधियों में प्रतिभाग करने से विभिन्न प्रकार के रोजगारों में आरक्षण के साथ साथ छात्र का सर्वांगीण विकास होता है।

संपादकीय

# भारत-कोरिया संबंधों में रणनीतिक विस्तार

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्योंग की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब वैश्विक भू-राजनीति अनिश्चितताओं से घिरी हुई है। 19 से 21 अप्रैल तक चले ली के इस तीन दिवसीय दौरे ने भारत और कोरिया के बीच संबंधों को नई दिशा देने का अवसर प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता ने स्पष्ट किया कि दोनों देश केवल पारंपरिक सहयोग तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए एक सशक्त और दीर्घकालिक साझेदारी का निर्माण करना चाहते हैं। इस बैठक का सबसे महत्वपूर्ण पहलू आर्थिक सहयोग को नई गति देना रहा। वर्तमान में 27 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य दोनों देशों की महत्वाकांक्षा को बताता है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि विश्वास और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच का संकेत है। सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा और शिपबिल्डिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग के समझौते इस साझेदारी को तकनीकी रूप से भी मजबूत बनाएंगे। साथ ही, 2010 के व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को अद्यतन करने की सहमति व्यापारिक बाधाओं को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रक्षा सहयोग और आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करने पर जोर यह बताता है कि दोनों देश वैश्विक संकटों के बीच आत्मनिर्भरता और स्थिरता को प्राथमिकता दे रहे हैं। ग्रीन एनर्जी, समुद्री सुरक्षा और वित्तीय सहयोग जैसे क्षेत्रों में पहल, इस संबंध को बहुआयामी बनाती है। विशेष रूप से इंडिया-कोरिया फाइनेंशियल फोरम और भारत में कोरियाई औद्योगिक पार्क की स्थापना जैसे निर्णय निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति दे सकते हैं। कुल मिलाकर, यह यात्रा केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और प्रभावी साझेदारी की मजबूत नींव है, जो आर्थिक स्थिरता और रणनीतिक संतुलन की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती है।

# कूटनीति के नए आयाम गढ़ता भारत

आज के जटिल और बहुध्रुवीय वैश्विक परिदृश्य में कूटनीति केवल संबंधों के निर्वाह का माध्यम नहीं रही, बल्कि यह राष्ट्रीय हितों की सशक्त अभिव्यक्ति का उपकरण बन चुकी है। शक्ति-संतुलन, रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक सहभागिता के बीच संतुलन साधना ही आधुनिक कूटनीति की कसौटी है। भारत इस कसौटी पर एक परिपक्व, संतुलित और दूरदर्शी राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। उसकी कूटनीतिक नीति न तो किसी के सामने झुकने की है और न ही किसी को झुकाने की, बल्कि यह संवाद, सहयोग और संतुलन पर आधारित है। जब विश्व के विभिन्न हिस्सों में टकराव और ध्रुवीकरण की प्रवृत्तियां उभर रही हैं, तब भारत का दृष्टिकोण एक सेतु-निर्माता का है। वह विभिन्न देशों के साथ अपने संबंधों का विस्तार करते हुए वैश्विक मंच पर एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। इसी कड़ी में ऑस्ट्रिया के साथ भारत के संबंधों में हालिया प्रगति एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में सामने आई है।

ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा केवल एक औपचारिक कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं थी, यह बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच नई साझेदारियों के निर्माण का संकेत भी है। चार दशक बाद किसी ऑस्ट्रियाई चांसलर का भारत आना अपने आप में ऐतिहासिक महत्व रखता है। यह न केवल द्विपक्षीय संबंधों की पुनर्स्थापना है, बल्कि यह भविष्य की संभावनाओं के द्वार भी खोलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस यात्रा को विशेष महत्व देना इस बात का संकेत है कि भारत यूरोप के साथ अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने प्रतिबद्ध है। विशेष रूप से तब, जब भारत-यूरोपीय संघ के बीच आर्थिक और रणनीतिक सहयोग के नए आयाम उभर रहे हैं, ऑस्ट्रिया के साथ यह साझेदारी और अधिक प्रासंगिक हो जाती है।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच लगभग पंद्रह समझौते व पहलें सामने आईं, जो इस संबंध की व्यापकता और गहराई को बताती हैं। रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार, नवाचार, कौशल विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे विविध क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा तैयार की गई। आतंकवाद के विरुद्ध संयुक्त कार्य समूह की स्थापना का



प्रस्ताव एक ठोस कदम है, जो दोनों देशों की साझा चिंता और प्रतिबद्धता को उजागर करता है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए सैन्य मामलों में आशय पत्र पर सहमति दोनों देशों के बीच रणनीतिक विश्वास को और गहरा करती है। इसके अंतर्गत रक्षा उद्योग, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह पहल भारत और यूरोप के बीच बढ़ते सुरक्षा सहयोग को भी नई दिशा प्रदान करती है। आर्थिक दृष्टि से फास्ट ट्रैक तंत्र की स्थापना एक दूरदर्शी पहल है, जो निवेशकों और कंपनियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करेगी। इससे न केवल व्यापार सुगम होगा, द्विपक्षीय निवेश को भी गति मिलेगी।

खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में हुए समझौते भी इस साझेदारी को मानवीय और विकासात्मक आयाम प्रदान करते हैं। प्रशिक्षुता प्रणाली, ज्ञान-साझाकरण और योग्यता की पारस्परिक मान्यता जैसे कदम युवाओं के लिए नए अवसरों का सृजन करेंगे। साथ ही, तकनीकी विश्वविद्यालयों के माध्यम से शिक्षा सहयोग का विस्तार, ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्टार्टअप सहयोग, साइबर सुरक्षा संवाद, अंतरिक्ष क्षेत्र में संयुक्त पहल और वर्किंग हॉलिडे कार्यक्रम जैसी घोषणाएं यह स्पष्ट करती हैं कि यह संबंध केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की आवश्यकताओं और नवाचारों पर केंद्रित है।

इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी रहा कि दोनों देशों ने वैश्विक संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और शांति का समर्थन किया। दोनों देशों ने सैन्य समाधान के बजाय कूटनीतिक रास्तों को प्राथमिकता दी। यह दृष्टिकोण भारत की उस नीति को पुष्ट करता है, जिसमें वह विश्व शांति और स्थिरता का समर्थक है। गौरतलब है कि भू-राजनीतिक दृष्टि से ऑस्ट्रिया, जो यूरोप के केंद्र में स्थित है, भारत के लिए एक रणनीतिक सेतु का कार्य करता है। यह सहयोग भारत को यूरोपीय बाजारों, तकनीक और निवेश तक सहज पहुंच प्रदान करेगा। इसके साथ ही वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका को भी सुदृढ़ करेगा, विशेषकर उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा और हरित ऊर्जा के क्षेत्रों में। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत और ऑस्ट्रिया के बीच यह नवोन्मेषी साझेदारी केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक कूटनीति में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है। यह संबंध एक ऐसे भविष्य की ओर संकेत करता है, जहां सहयोग, संतुलन और साझा प्रगति ही अंतरराष्ट्रीय संबंधों की आधारशिला होंगे।

■ जसवंत सिंह राजपूत




- **मेष राशि:-** समय की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी रहेगी मित्रों परिजनों और रिश्तेदारों का भरपूर साथ मिलता रहेगा।
- **मिथुन राशि:-** चंद्रमा का गोचर आज दिन भर आपके कार्यों को मजबूत बनाता रहेगा जरूरी काम तेजी से करें।
- **कर्क राशि:-** चंद्रमा का बारहवें भाव में भ्रमण परेशान करता रहेगा जरूरी निर्णय टाल दें प्रेम संबंधों से बचें।
- **सिंह राशि:-** सितारे आज दिनभर आपकी भरपूर सहायता करेंगे इसका लाभ उठाकर कार्यों को तेजी से कर लें।
- **कन्या राशि:-** सितारों की चाल बेहद शानदार बनी हुई है आजीविका क्षेत्र मजबूत रहेगा मन प्रसन्न बना रहेगा।
- **तुला राशि:-** ग्रहों का साथ अब आपको मिलने जा रहा है भाग्य में आ रहे अवरोध दूर होंगे आस्था में वृद्धि होगी जरूरी काम कल से करें।
- **वृश्चिक राशि:-** समय अभी ठीक नहीं है किसी से बहस न करें जरूरी काम अभी बिल्कुल न करें ईश्वर में आस्था बनाए रखें।
- **धनु राशि:-** सितारे आज दिनभर मजबूती से आपके पक्ष में खड़े रहेंगे इसका पूरा लाभ उठाएं सामाजिक क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।
- **मकर राशि:-** समय बेहद शानदार बना हुआ है इसका पूरा लाभ उठाएं योजना बनाकर काम करें यात्रा करने के योग बने हुए हैं।
- **कुंभ राशि:-** चंद्रमा का गोचर आपकी मदद कर रहा है अधिकारी व अधीनस्थ वर्ग आपकी पूरी सहायता करेगा प्रेम संबंध सामान्य रहेंगे।
- **मीन राशि:-** चंद्रमा अभी आपको तंग करता रहेगा कार्यों में रुचि नहीं रहेगी थोड़ा धैर्य बनाए रखें।
- **वृषभ राशि:-** चंद्रमा दोपहर बाद बेहद मजबूत स्थिति में पहुंच रहा है जरूरी निर्णय दोपहर बाद से लें।



दिल्ली की हवा में घुलता जहर अब केवल पर्यावरण की चिंता नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन का संकट बन चुका है। ऐसे में इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बढ़ता कदम उम्मीद की किरण जरूर है, पर यह बदलाव केवल नीतियों से नहीं, ठोस क्रियान्वयन से ही संभव होगा। सवाल यह नहीं कि ईवी जरूरी हैं, यह है कि क्या हम इसके लिए सचमुच तैयार हैं।

# ईवी नीति: बदलाव, यथार्थ और भविष्य का संतुलन

दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा आज जिस दौर से गुजर रही है, वह चेतावनी से कम नहीं है। तेज गर्मी, ठिठुराने वाली सर्दी और जहरीली दम घोंटने वाली हवा, ये तीनों एक ऐसे संकट की तस्वीर पेश करते हैं, जिसका बड़ा कारण वाहनों का अनियंत्रित विस्तार और उनसे निकलता धुएं के रूप में कार्बन है। जलवायु परिवर्तन इस समस्या को और स्याह कर मानव जीवन को दुष्कर बना देता है, फिर भी लगातार बढ़ रही महानगरीय सड़कों पर पेट्रोल-डीजल वाहनों की संख्या इसे विकराल रूप दे रही है। इसी पृष्ठभूमि में दिल्ली सरकार की इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति 2026 एक निर्णायक हस्तक्षेप के रूप में सामने आती है। 2027 से तिपहिया और 2028 से दोपहिया वाहनों के केवल ईवी पंजीकरण का लक्ष्य न केवल साहसिक है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश भी देता है, भविष्य इलेक्ट्रिक है। टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट जैसे प्रावधान इस बदलाव को गति देने का प्रयास हैं।

**इस** नीति का आर्थिक पक्ष इसे और प्रभावी बनाता है। हजारों से लेकर लाखों रुपये तक की बचत उपभोक्ताओं के लिए बड़ा आकर्षण है। वहीं, स्क्रैपिंग प्रोत्साहन पुरानी गाड़ियों को हटाने का व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करता है। खासकर व्यावसायिक वर्ग के लिए, जहां लागत ही निर्णायक होती है, ईवी का कम परिचालन खर्च एक मजबूत तर्क बनकर उभरता है। इधर, तस्वीर का दूसरा पहलू कहीं अधिक जटिल है। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी आज भी सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। महानगरों के अपार्टमेंट कल्चर में रहने वाले लोग अक्सर चार्जिंग सुविधा के अभाव में ईवी खरीदने का निर्णय टाल देते हैं। नीतियों में चार्जिंग प्वाइंट अनिवार्य करने की बात जरूर है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी गति अभी भी धीमी है। सिर्फ सब्सिडी आधारित मॉडल लंबे समय तक टिकाऊ नहीं हो सकता। जब तक बैटरी निर्माण, चार्जिंग नेटवर्क और बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता पर ठोस निवेश नहीं होगा, तब तक इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति अधूरी ही रहने का अनुमान है।

**इसके** अलावा, नीति में डिमांड-साइड सब्सिडी पर अधिक जोर दिया गया है, जबकि सप्लाई-साइड सुधारों की जरूरत कहीं अधिक है। बैटरी उत्पादन, चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क और ग्रिड क्षमता में व्यापक निवेश के बिना ईवी क्रांति अधूरी रह सकती है। परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना ने विनिर्माण को बढ़ावा दिया है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुविधाओं का विस्तार अभी भी अपर्याप्त है। यह भी जरूरी है कि ईवी अपनी योग्यता के आधार पर बाजार में टिके, न कि केवल सरकारी प्रोत्साहनों के सहारे।

**बहरहाल,** दिल्ली सरकार द्वारा हाइब्रिड वाहनों को आंशिक राहत देना एक संतुलित सोच का संकेत है। यह मानना होगा कि हर उपभोक्ता तुरंत पूर्ण इलेक्ट्रिक विकल्प नहीं अपना सकता। ऐसे में हाइब्रिड वाहन इस प्रगति के दौर में एक व्यावहारिक विकल्प बनकर उभर सकते हैं, जैसा कि वैश्विक बाजार में भी देखा जा रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि ईवी नीति की सफलता केवल घोषणाओं में नहीं, उसके बेहतर क्रियान्वयन में निहित है। यदि सरकारें इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, नीतिगत स्पष्टता और जन-जागरूकता पर समानता के साथ ध्यान दें, तो यह बदलाव न केवल प्रदूषण कम करेगा, बल्कि भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी आगे बढ़ाएगा। वरना, यह पहल भी एक अच्छी मंशा तक सिमट कर रह जाएगी।

■ राममनोहर रायकवार

विशेष...



## विश्व पृथ्वी दिवस

# धरती और भविष्य बचाने आत्ममंथन का अवसर



विश्व पृथ्वी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह मानवता के लिए आत्ममंथन का अवसर है। हर वर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि पृथ्वी केवल संसाधनों का भंडार नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वन कटाई और प्लास्टिक कचरे का संकट आज पृथ्वी के अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि हम केवल चिंतन न करें, बल्कि ठोस कदम उठाएं।

### पर्यावरण संरक्षण: व्यक्तिगत जिम्मेदारी से शुरुआत

पर्यावरण की रक्षा किसी एक संस्था या सरकार का कार्य नहीं है, बल्कि यह हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयास जैसे पानी और बिजली की बचत, वृक्षारोपण और कचरे का सही निपटान बड़े बदलाव ला सकते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशील हो जाए, तो सामूहिक रूप से बड़ा परिवर्तन संभव है। कम उपयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण का सिद्धांत अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### स्वच्छ ऊर्जा: भविष्य की दिशा

पारंपरिक ऊर्जा स्रोत जैसे कोयला और पेट्रोलियम पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनके कारण कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है, जिससे वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है। ऐसे में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल विद्युत जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। सरकारों के साथ-साथ आम नागरिक भी सोलर पैनल लगाने, इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने और ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने के माध्यम से इस दिशा में योगदान दे सकते हैं। स्वच्छ ऊर्जा न केवल पर्यावरण की रक्षा करती है, बल्कि यह दीर्घकालिक आर्थिक लाभ भी देती है।

### हरित जीवनशैली: टिकाऊ विकास का आधार

पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। हरित जीवनशैली का अर्थ है प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीना। स्थानीय और जैविक उत्पादों का उपयोग, सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता देना और भोजन की बर्बादी को रोकना ऐसे कदम हैं जो पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इसके साथ ही, डिजिटल माध्यमों का अधिक उपयोग कर कागज की खपत को कम करना भी एक प्रभावी उपाय है। जब जीवनशैली में स्थायित्व शामिल होगा, तभी वास्तविक बदलाव संभव होगा।

### प्लास्टिक प्रदूषण: एक गंभीर चुनौती

प्लास्टिक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, पर यह पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा भी है। यह प्लास्टिक नदियों, महासागरों और भूमि को प्रदूषित कर रहा है। यह न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि जीव-जंतुओं और मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। इस समस्या का समाधान प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने और इसके उचित प्रबंधन में निहित है। सरकारों को भी प्लास्टिक पर सख्ती से नियंत्रण करना चाहिए।

### सामूहिक प्रयास: जागरूकता से क्रांति तक

पर्यावरण संरक्षण में जन-जागरूकता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान और प्लास्टिक मुक्त अभियान जैसे प्रयास समाज में सकारात्मक ऊर्जा भरते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस संदेश को व्यापक स्तर पर फैलाया जा सकता है। जब समाज के हर वर्ग में जागरूकता बढ़ेगी, तभी एक हरित और सुरक्षित भविष्य का निर्माण संभव होगा।

### आज का संकल्प, कल की सुरक्षा

विश्व पृथ्वी दिवस हमें यह सिखाता है कि पृथ्वी की रक्षा केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। यदि हम आज पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर ठोस कदम उठाते हैं, तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पृथ्वी मिल सकती है। समय की मांग है कि हम अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और उसे निभाएं, क्योंकि धरती बचेगी तभी मानवता बचेगी।



# घड़ी से आजाद जिंदगी, जहां 'समय' का कोई अस्तित्व नहीं!

क्या आपने कभी ऐसी दुनिया की कल्पना की है, जहां न 'कल' होता है, न 'आज', और न ही 'साल' या 'उम्र' का कोई हिसाब? जहां जिंदगी घड़ी की सुइयों से नहीं, बल्कि प्रकृति की लय से चलती है। सुनने में यह किसी कहानी जैसा लगता है, लेकिन अमेजन के घने जंगलों में रहने वाली अमुंदावा जनजाति के लिए यही हकीकत है।

### समय नहीं, सिर्फ वर्तमान का एहसास

अमुंदावा समुदाय की सबसे अनोखी पहचान यह है कि उनकी भाषा में 'समय' से जुड़े शब्द ही नहीं हैं। न सप्ताह, न महीना, न साल, उनके लिए जीवन सिर्फ सूरज के उगने और ढलने के बीच सिमटा है। वे 'समय बीत रहा है' जैसी अवधारणा को समझ ही नहीं पाते। उनका पूरा जीवन वर्तमान में जीने की कला का उदाहरण है, जहां भविष्य की चिंता और अतीत का बोझ लगभग न के बराबर है।



### बिना घड़ी के भी सटीक जीवन

अमुंदावा लोगों को कभी घड़ी या कैलेंडर की जरूरत महसूस नहीं हुई। उनके लिए प्रकृति ही सबसे बड़ी मार्गदर्शक है। सूरज की रोशनी, अंधेरा, मौसम और जंगल के संकेत, यही उनकी दिनचर्या तय करते हैं। यही कारण है कि उनके जीवन में भागदौड़, तनाव और 'डेडलाइन' जैसी अवधारणाएं मौजूद नहीं हैं।

### सरल जीवन, गहरा संतुलन

खान-पान के मामले में यह समुदाय पूरी तरह जंगल पर निर्भर है। वे तीर-धनुष से शिकार करते हैं, नदियों से मछली पकड़ते हैं और जंगली फल, कंद-मूल तथा शहद इकट्ठा करते हैं। सीमित स्तर पर मक्का और अन्य फसलें भी उगाते हैं। उनका जीवन सादगी से भरा है, लेकिन प्रकृति के साथ गहरे संतुलन में बसा हुआ है।



### पहचान का अलग तरीका

इस जनजाति में उम्र गिनने की परंपरा नहीं है। अगर आप किसी अमुंदावा व्यक्ति से उसकी उम्र पूछें, तो उसके पास कोई जवाब नहीं होगा। यहां जीवन को वर्षों में नहीं, बल्कि पहचान और अनुभवों से मापा जाता है। जैसे-जैसे व्यक्ति बड़ा होता है, उसका नाम बदल दिया जाता है। यही नाम परिवर्तन उसकी नई पहचान और जीवन के नए चरण का संकेत बनता है।

### आधुनिक दुनिया से टकराव

जैसे-जैसे यह जनजाति बाहरी दुनिया के संपर्क में आ रही है, उसके साथ चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। पहचान पत्र या सरकारी दस्तावेज बनाते समय जन्मतिथि जैसी बुनियादी जानकारी देना इनके लिए कठिन हो जाता है। इसके साथ ही, नई भाषा और तकनीक सीखने का दबाव भी उनकी पारंपरिक जीवनशैली पर असर डाल रहा है।



### दुनिया को एक सकारात्मक संदेश

अमुंदावा समुदाय हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या सच में समय का इतना बंधन जरूरी है? जहां पूरी दुनिया सेकंड और मिनट में बंटी है, वहां यह जनजाति बिना घड़ी के भी संतुलित और संतुष्ट जीवन जी रही है। शायद यही उनकी सबसे बड़ी खासियत है वे समय को नहीं, बल्कि जीवन को जीते हैं।

# साली की शादी में गया परिवार, बंद मकान की अलमारी में रखी ज्वैलरी नकदी चोरी

एजेंसी समाचार

**आलमबाग।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बना बंद मकान की अलमारी में रखी नकदी और ज्वैलरी पार कर फरार हो गए। मूल रूप से जनपद जालौन निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र रामकेश के अनुसार वह कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित मानस नगर स्थित आवासीय विद्यालय के सामने बने आर एन वर्मा के मकान में पत्नी वंदना और दो बेटे रोहन व प्रिंस के साथ रहते हैं और खुद का सीएनजी सिलेंडर टेस्टिंग का काम करते हैं। वहीं पीड़ित का कहना था वह बीते 20 अप्रैल को परिवार संग जालौन साली की शादी में शामिल होने गए थे। अगले दिन शाम समय घर वापस लौटने पर घर में रखा सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और कमरे में रखी अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था और उसमें रखे करीब 70 हजार रुपये नकद व ज्वैलरी गायब थी। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दे स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। वहीं पीड़ित का कहना था उक्त पैसे कस्टमर के उसके पास पड़े थे जिसे वह अलमारी के लाकर में रख परिवार संग साली की शादी में शामिल होने परिवार संग गया था।पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल चोरों की तलाश की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस पर गस्त नहीं लगाने की बात कही है।

## आशियाना में सरेराह मोबाइल लूट, मुकदमा दर्ज

एजेंसी समाचार

**आलमबाग,** आशियाना थाना इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह युवक का मोबाइल फोन छीन फरार हो गए। मूल रूप से संडीला हरदोई निवासी रोहित कुमार जगरिया ने बताया कि वह आशियाना थाना क्षेत्र में संचालित कम्पनी 102 कॉल सेंटर मैं नौकरी करता है और कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बरिगवां में किराये पर रहता है । बीते 19 अप्रैल की रात्रि को 12.15 ड्यूटी खत्म करके घर जा रहा था उस दौरान आशियाना थाना क्षेत्र बीएसएनएल आफिस के पास बाइक सवार दो बदमाश झपटा मार उसका मोबाइल छीन फरार हो गए। लेकिन बाइक पर कोई नंबर प्लेट भी नहीं था। जिसके चलते उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## ससुराल पहुँची महिला से मारपीट, पति पर घर से निकाला दूसरी महिला संग रहने का आरोप

एजेंसी समाचार

**आलमबाग,** मानक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पति सहित ससुरालियों पर मारपीट कर उसे घर से निकालने का आरोप लगा पति पर तलाक से पहले ही दूसरी महिला के साथ रहने का आरोप लगाया है। मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित चित्रगुप्तनगर निवासी प्रतीक्षा श्रीवास्तव के अनुसार वह बीते 13 अप्रैल को अपनी सास के निधन की सूचना मिलने पर ससुराल पहुँची थीं। आरोप है कि घर पहुँचते ही पति, ससुराल पक्ष के अन्य लोगों और एक महिला ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के बाद उन्हें जबरन घर से बाहर निकाल दिया गया और उनके साथ आए परिजनों को भी भगा दिया गया। इसके बाद मकान में ताला लगा दिया गया। वहीं पीड़ित का आरोप है कि उसका वैवाहिक विवाद न्यायालय में विचाराधीन है और अभी तलाक नहीं हुआ है। जिसके चलते उसका ससुराल में रहने का उनका अधिकार है। लेकिन पति उसी घर में दूसरी महिला के साथ रह रहा है। जिसके चलते उसने पति सहित ससुरालियों के खिलाफ स्थानीय मानक नगर थाने में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## खाने में मच्छर पडे होने का विरोध करने पर ढाबा संचालक ने साथियों संग ग्राहकों को पीटा,मित्रो भाई संग खाना खाने गया था पीड़ित ढाबा

एजेंसी समाचार

**आलमबाग ,** आशियाना थाना क्षेत्र में बीते पांच दिन पूर्व ढाबा संचालक ने मित्रो भाई संग खाना खाने गए युवक द्वारा खाने में मच्छर पडे होने का विरोध करने पर साथियों संग मिलकर तवा चाकू लोहे का राड पाइप ईंट से जानलेवा हमला कर फरार हो गया। आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर एच निवासी सूर्य मणि शुक्ला पुत्र शिव कुमार शुक्ला ने बताया वह बीते 16 अप्रैल की रात वह अपने मित्रों ?अनुराग मणि त्रिपाठी, सूर्य करण शुक्ला, अंकित शुक्ला और मनोज जोशी के साथ थाना क्षेत्र स्थित पाल चिकन कॉर्नर, पकरी पुल आशियाना पर खाना खाने गए थे।

आरोप है कि खाने में मक्खी-मच्छर पड़े होने पर उन्होंने ढाबा मालिक से इसकी शिकायत कर खाना बदलने को कहा। इस पर ढाबा संचालक भड़क गया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए खाना बदलने से इनकार कर दिया। आरोप है कि जब उसने खाने में मक्खी-मच्छर पड़े होने का विरोध करते हुए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों के तहत शिकायत करने की बात कही, तो ढाबा संचालक ने अपने 10-12 साथियों को बुला सभी पर तवा, चाकू, लोहे की रॉड, पाइप, ईंट करछुल जैसे हथियारों से हमला कर फरार हो गया। वहीं पीड़ित का कहना था उक्त हमले में वह और उनके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी के सिर फट गए और अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण वे बेहोशी की हालत में पहुंच गए। कन्ट्रोल नम्बर की सूचना पर पहुंची स्थानीय आशियाना पुलिस ने सभी को घायलावस्था में इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें पीजीआई रेफर कर दिया गया। वहीं पीड़ित का कहना था उसके सिर में लगभग 12 और कान में 4 टांके लगे हैं, तथा उसके मित्र अनुराग मणि त्रिपाठी के सिर में भी लगभग 6 टांके लगे हैं। जिसके चलते उसने उपचार कराने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में ढाबा संचालक सहित उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर लखनऊ में क्लीन एंड ग्रीन अभियान

## स्कूलों से लेकर पार्कों तक चला जागरूकता कार्यक्रम

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर लखनऊ नगर निगम द्वारा शहर भर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल के नेतृत्व में क्लीन एंड ग्रीन लखनऊ अभियान के तहत नगर निगम की आईईसी (IEC) टीम, एलएसए (LSA) एवं लायन एनवायरो की ऑपरेशन टीम ने विभिन्न जोनों और वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किए।



अभियान के तहत जोन-7 के वार्ड 80 स्थित एक पार्क में विशेष सफाई कार्यक्रम चलाया गया, जहां प्लास्टिक व अन्य कचरे को एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया तथा पौधारोपण कर हरित वातावरण का संदेश दिया गया। स्थानीय नागरिकों को कचरा पृथक्करण, स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के सरल उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया गया। जोन-8, वार्ड-19 (शारदा नगर प्रथम) स्थित आवासीय पब्लिक स्कूल एवं न्यू गोल्डन पब्लिक स्कूल, जोन-2, वार्ड-21 (मालवीय नगर) में करियर अकैडमी स्कूल, जोन-7, वार्ड-51 (इस्माइलगंज प्रथम) के क्षेत्रीय विद्यालय परिसर, जोन-5 के गुरुनानक नगर वार्ड (स्नेह नगर) में दर्शन स्कूल, तथा जोन-3 के वार्ड-109 (चांदगंज) और वार्ड-47 (डालीगंज) स्थित प्राथमिक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों में छात्रों और शिक्षकों को गीले, सूखे, सैनिटरी एवं घरेलू खतरनाक कचरे के पृथक्करण, पुनः उपयोग (Reuse) और पुनर्चक्रण (Recycle) के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विशेष रूप से वेस्ट टू वंडर गतिविधि के माध्यम से बच्चों को अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी एवं आकर्षक सामग्री बनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे उनकी रचनात्मकता का विकास हुआ। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कर हरित क्षेत्र बढ़ाने और पौधों की देखभाल के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान उपस्थित नागरिकों, छात्रों एवं प्रतिभागियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

नगर निगम का यह अभियान न केवल विद्यार्थियों के लिए शिक्षाप्रद रहा, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। अधिकारियों का कहना है कि स्वच्छ और हरित शहर का निर्माण केवल प्रशासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही संभव है।

## पुलिस का यू-टर्न : सीसीटीवी फुटेज एवं साक्ष्य के वाउजूद जाँच को प्रभावित करने का कर रही भरसक प्रयास

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** राजधानी के थाना गोमती नगर पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर सांवलिया निशान लग रहा है। पीड़ित महेश सिंह ने मीडिया से रूबरू होकर अपनी प्रताड़ना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित



महेश ने बताया गई उसके पड़ोसी ने बीते 14 अप्रैल को चापड़ लेकर घर मे घुस कर उसके बच्चे पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया था जिसको लेकर थाना गोमतीनगर मे पीड़ित द्वारा मुकदमा लिखे जाने की तहरीर भी दी गई थी साथ ही पुलिस को घटना से सम्बन्धित साक्ष्य तथा सीसीटीवी फुटेज भी दे दी जाति है परन्तु पुलिस द्वारा दो दिनों तक विपक्षियों के खिलाफ कोई वैधानिक कार्रवाई नही की जाती है। इसी दो दिनों मे विपक्षी ने 18 अप्रैल को एक इंदु नाम की महिला से थाने मे उलटे पीड़ित महेश के खिलाफ शराब पीकर महिलाओ से गाली गलौच करने का मुकदमा लिखवा दिया गया। जिसके उपरान्त थाना गोमतीनगर पुलिस का पीड़ित को प्रताड़ित करने का कार्य शुरू होता है। गोमती नगर थाना पुलिस पहले पीड़ित द्वारा लिखवाये मुकदमे मे जिसमे उसके बच्चे पर जानलेवा हमला किया जाता उस पर कोई करवाई नही करती बल्कि उस पर लीपापोती करने को उतारू है।वही विपक्षी द्वारा षड़यंत्र रचित इंदु नामक महिला द्वारा लिखवाया गया मुकदमे पर पुलिस जी जान से जांच करने मे जुटी है जिसके सम्बन्ध मे पुलिस के पास साक्ष्य भी नही उयलब्ध है,बस फर्जी बयानो के चलते उलटे पीड़ित को थाने बुलाने पर अड़ी है।

## BLS इंटर कॉलेज, ठाकुरगंज, लखनऊ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** BLS इंटर कॉलेज, ठाकुरगंज में सत्र 2025झ26 का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प




अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागतम् गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए।विशेष रूप से ह्यबागबानह्न नाटक ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया और माता-पिता के प्रति सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्षद मनीष रस्तोगी, पार्षद सी.बी. सिंह, पूर्व नगर महामंत्री भाजपा महानगर राम अवतार कन्नौजिया एवं सह मीडिया प्रभारी लखनऊ महानगर भाजपा संकेत मिश्रा उपस्थित रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ, पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने करकमलों से कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के मैनेजर संदीप साहू ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। आज हमारे बच्चों ने अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध कर दिया है कि वे भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन करेंगे।ह्व इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रदीप साहू, प्रधानाचार्य रवि किशोर, रत्ना गुप्ता, रोमा जाफरी,उमा शर्मा,शुभम साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# कई महीनों से टूटा पड़ा है पानी टंकी का पाइप

## सड़क पर बह रहा हजारों लीटर पानी, घरों की टोटियां सूखी

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील के ग्राम गौरा गांव के भाटनखेड़ा में पानी टंकी का पाइप कई महीनों से टूटा पड़ा है। इससे रोजाना हजारों लीटर पानी सड़क पर बह रहा है। पानी बहने से गांव की सड़क भी पूरी तरह खराब हो चुकी है।

पाइप टूटने की वजह से टंकी में आने वाला सारा पानी सड़क पर ही बह जाता है। नतीजा यह है कि ग्रामीणों के घरों की टोटियों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। लोगों को पीने के पानी के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

लगातार जलभराव से सड़क गड्ढों में बदल गई है। कीचड़ और फिसलन से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभाग ने पाइप की मरम्मत नहीं कराई।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द पाइप ठीक कराकर पानी की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है।



# लखनऊ एयरपोर्ट से रवाना हुआ हज यात्रियों का पहला जत्था, 222 पुरुष और 205 महिलाओं ने भरी उड़ान

एजेंसी समाचार

**लखनऊ ।** मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस से हजझ2026 की पहली उड़ान के साथ 427 हज यात्री मक्का मुकर्रमा के लिए रवाना हुए। लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक की गूंज और दुआओं के बीच रुखसती के भावुक लम्हों में परिजनों ने अपने, अपनों को विदा किया। इस पहली उड़ान में 222 पुरुष और 205 महिलाएं शामिल रहीं। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने हज यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और संबोधित करते हुए कहा कि हज सब्र, त्याग और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश साझा करते हुए यात्रियों से देश और प्रदेश की तरक्की के लिए दुआ करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि पहली बार हज यात्रा को और सुरक्षित व सुविधाजनक बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया है। हज यात्रियों को दी गई स्मार्ट वॉच में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया गया है, जिससे अजान का समय, लोकेशन ट्रैकिंग (जीपीएस) और आपातकालीन सहायता जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इमरजेंसी बटन दबाते ही कुछ ही मिनटों में मदद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।



उन्होंने कहा कि हज यात्रियों के लिए बेहतर आवास, भोजन, परिवहन और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे करीब 40 दिन की इस यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। इस अवसर पर मौलाना उमैर इलयासी, यासूब अब्बास, मौलाना सुफियान निजामी, मौलाना सैयद अजीज अशरफ और मौलाना सैफ अब्बास सहित कई मुस्लिम धर्मगुरु मौजूद रहे। सभी ने यात्रियों के लिए दुआएं कीं। हज हाउस से एयरपोर्ट तक यात्री बस से पहुंचे।

हजयात्रा पर रवाना हुए कानपुर निवासी अहमद अली ने कहा कि वह एक कंपनी में मैनेजर एचआर थे।

# धार्मिक स्थल की मूर्तियों पर शरारती तत्वों ने डाले मांस के टुकड़े

## पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल



– जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा गांव में देवी स्थान धार्मिक स्थल पर शरारती तत्वों ने मूर्ति पर मछली के मांस के टुकड़े फैंक दिए। घटना की जानकारी मिलते लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तक मांस के टुकडे हटा दिए गए। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मौका मुआयना कर जांच की है।

मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा का है। गांव में शिव मंदिर है। बुधवार को शिव मंदिर को अपवित्र कर समाज को बांटने की नीयत से मंदिर में रखीं मूर्तियों पर कुछ अराजकतत्वों ने मछलियों के टुकडे कर उनका मांस डाल दिया। मंदिर पर कुछ लोग पहुंचे तो मूर्तियों पर मछली के मांस के टुकडे रखे दिखे। यह देख लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पाकर महाकाल एक्टिव सेना के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इस पर उन्होंने इस कृत्य को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मामले की सूचना घुंघचाई थाना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूछताछ की। बताया जाता है कि पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही मूर्तियों पर रखे गए मछली के मांस के टुकड़ों को हटाकर साफ कर दिया गया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में मूर्तियों पर रखे मछली के मांस के टुकड़े साफ दिखाई दे रहे हैं। लोगों ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जानकारी पर गांव के अलावा आस पडोस के गांवो में भी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। इधर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण कर कुछ लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कृत्य करने वाले की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

> शिव मंदिर पर मछलियों के मांस के टुकडे डालने की सूचना मिली थी। मौके पर टीम के साथ गया था। लोगों से जानकारी जुटाई गई है। कृत्य करने वाले संदिग्ध की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले में केस दर्ज कराया गया है। शीघ्र ही आरोपी को पकडा जाएगा।
>
> **प्रतीक दहिया**
> **पुलिस क्षेत्राधिकारी, पूरनपुर**

# बरखेड़ा-गजरौला रोड पर दर्दनाक हादसा: आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, एक युवक की मौत, दो गंभीर

## लगातार हादसों से दहशत में लोग, प्रशासन की लापरवाही पर फूटा गुस्सा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** बरखेड़ा - गजरौला रोड एक बार फिर खून से लाल हो गई। तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक और परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। थाना गजरौला क्षेत्र के चौकी सुहास के पास मंगलवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। इस घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश व्याप्त है और लोग लगातार हो रहे हादसों को लेकर प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूटी नंबर यूपी 26 एडव्लू 6062 सवार लवलेश (26) पुत्र डालचंद निवासी सुहास पचपेड़ा, थाना गजरौला, नगरा



चौराहा (थाना बरखेड़ा) से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह बरखेड़ा झ गजरौला रोड पर ग्राम उगनपुर के पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही स्प्लेंडर मोटरसाइकिल नंबर वढ26अव8341 से उसकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। स्प्लेंडर बाइक पर सवार सचिन पुत्र अरुण और पवन पुत्र अनिल निवासी करनापुर, थाना बरखेड़ा भी इस भीषण टक्कर में बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। सूचना मिलते ही गजरौला थाना अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पीलीभीत भेजा गया। जहां इलाज के दौरान लवलेश ने दम तोड़ दिया, जबकि सचिन और पवन की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए मार्ग को सुचारू करा दिया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

### बढ़ता आक्रोश : आखिर कब रुकेगा मौत का सिलसिला?

गजरौला रोड पर आए दिन हो रहे सड़क हादसों ने स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर न तो पर्याप्त स्ट्रीट लाइट है और न ही ट्रैफिक नियंत्रण की कोई ठोस व्यवस्था। तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम न लग पाने के कारण निर्दोष लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार प्रशासन को शिकायत दी गई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सड़क पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड और पुलिस गश्त की कमी साफ दिखाई देती है। यदि समय रहते इंतजाम नहीं किए गए तो ऐसे हादसे आगे भी लोगों की जान लेते रहेंगे।

# महिला की गर्दन दबाकर जान से मारने का प्रयास

## दूसरी लड़कियों से अवैध संबंध का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** लडकियों से अवैध संबंध रखने के विरोध पर महिला को कमरे में बंद कर मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीलीभीत सदर के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी कुसुम देवी ने बताया कि उसकी शादी पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र से सिरसा रोड निवासी सुनील कुमार के साथ 2004 में हुई थी। उसने बताया की शादी के बाद से ही ससुराल उसको कम दहेज को लेकर मारपीट करते थे। आरोप है कि इस दौरान पति कई लड़कियों से अवैध संबंध रखने लगा। आधी आधी रात को वापस घर आते हैं। पूछने पर कमरे में बंद कर लात घूंसों व बैल्टों से मारना पीटना और गर्दन दबाने की आदत में सुमार हो गया था। जब महिला ने इसकी शिकायत ससुरालियों से की तो उल्टा उसको ही टांड कर चुपा करा देते है। उसका पति आए दिन अन्य लड़कियों को घर लाने की जिद करता था। मना करने पर उसको व बच्चों के साथ मारपीट कर भूख प्यास भी रखने लगा। एक साल पहले रात्रि में उसका पति दो बिना परिचित की लड़कियों को लेकर एक व्यक्ति के साथ घर आया। पति ने विवाहिता से दूसरी जगह लेटने की बात करते हुए दूसरे कमरे में जाने के लिए कहा। विरोध करने पर कमरे में बंद कर मारा पीटा। जब बच्चे चिल्लाए तो उनको भी मारा पीटा। बच्चों के पालने के लिए कोई खर्च नहीं दिया जा रहा है। 20-10-2025 को उसका पति घर से चला गया। उसका मोबाइल घर पर छूट गया। जब महिला ने उनका फोन देखा तो उसमें कई लड़कियों की अश्लील फोटो,वीडियो और वीडियो कॉलिंग व्हाट्सएप चैट मोबाइल में पड़े हुए थे। जब उसने अपने पति से इसके बारे में पूछा तो मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया। 23-10- 2025 को मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया,महिला जैसे तैसे अपने मायके पहुंची और परिवार को जानकारी दी। इस पर महिला के मायके वाले ने उसकी ससुराल पहुंचकर उनको समझाया। जिस पर महिला फिर अपनी ससुराल पहुंची, आरोप है कि फिर से मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति सुनील कुमार, झमन लाल, भगवती, उमेश व आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# पूरनपुर में नगर पालिका बोर्ड बैठक संपन्न, वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पास

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नगर पालिका परिषद के सभागार में दिनांक 22 अप्रैल 2026 को एक विशेष बोर्ड बैठक नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय मामलों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के पहले एजेंडे में सत्र 2025-26 के आय-व्यय पर विचार किया गया। लेखा प्रभारी दिनेश भारती ने सदन को अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल आय 28,51,37,213 रही, जबकि व्यय ?17,18,53,317 दर्ज किया गया। इस प्रकार नगर पालिका को 11,32,83,896




बैठक में वित्तीय मामलों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा करते विधायक व चेयरमैन

का लाभ प्राप्त हुआ। दूसरे एजेंडे में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव पर चर्चा हुई। सदन के समक्ष प्रस्तुत बजट में आय पक्ष 58,21,00,000 एवं व्यय पक्ष 54,57,00,000 रखा गया, जिससे ?3,64,00,000 के लाभ का अनुमान व्यक्त किया गया। इसके साथ ही सीवर सेक्शन की मशीन से टैंक साफ कराने का शुल्क ?2000 निर्धारित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रस्तावों एवं बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद सहित सभासदगण–उर्मिला देवी, उदित सिंह, राजो देवी, दिनेश कुमार, विनीता यादव, मो. शरीफ, सौरभ सक्सेना, शाहजहाँ बेगम, राजेश कुमार, सूबेजहाँ बेगम, गौरव जायसवाल, नेहा, नुसरत परवीन, रोहित मिश्रा, नादिर रजा, सुशील गुप्ता, शराफत अली, अनुज गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, प्रदीप सिंह मुखिया, गुंजन सक्सेना एवं उपेंद्र भारती मौजूद रहे। बैठक के सफल आयोजन के साथ ही नगर के विकास कार्यों को गति देने के लिए आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

# लेखपाल संघ ने एसडीएम से की मुलाकात

## समस्याओं का समाधान न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** सदर तहसील में लेखपाल संघ ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का निर्धारित समय सीमा में समाधान नहीं किया गया, तो तहसील सदर के सभी लेखपाल कार्य बहिष्कार करेंगे। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से विभिन्न प्रशासनिक और कार्य संबंधी समस्याएं लंबित हैं, जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने लेखपाल वीरेंद्र कुमार के खिलाफ बिना सहानुभूतिपूर्वक विचार किए की गई कार्रवाई का भी उल्लेख किया। संघ ने



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते लेखपाल संघ के पदाधिकारी

समस्याओं के समयबद्ध निराकरण और विभागीय संवाद को अधिक व्यावहारिक एवं पारदर्शी बनाने की मांग की। उपजिलाधिकारी ने लेखपालों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनके समाधान के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि लेखपालों के साथ नियमित संवाद स्थापित कर उनकी व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने का प्रयास होगा, ताकि राजस्व कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें। इस बैठक में तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा , मंत्री वीरेंद्र कुमार, लेखपाल विनय, ज्योति सिंह, पुष्पा यादव और जितेंद्र कुमार सहित कई लेखपाल उपस्थित थे। सभी ने अपनी मांगों को दोहराते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की अपेक्षा की। अब सभी की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि निर्धारित समय में समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो लेखपालों का कार्य बहिष्कार तहसील स्तर पर राजस्व कार्यों को प्रभावित कर सकता है। इससे आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन के लिए यह आवश्यक है कि वह समय रहते प्रभावी कदम उठाए और स्थिति को संतुलित बनाए रखे।

# युवक ने मासूम पुत्र को पीटकर किया घायल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** युवक ने अपने मासूम पुत्र को मारा पीटा। लोहे की पंजी से हमला कर उसको घायल कर दिया। शिकायत पुलिस से की गई है। क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी मुकेश कुमार ने वताया कि उसका पुत्र करन आए दिन शराव पीकर गाली कर विवाद करता है। बुधवार को उसका पांच बर्षीय पौत्र अभिमन्यु घर पर था। तभी उसका पुत्र करन गाली गलौच करने लगा। इसके बाद अपने चार वर्षीय पुत्र को मारा पीटा इसके बाद नालियों की सफाई करने वाली लोहे की पंजी से उसके सिर पर हमला कर दिया। जिससे मासूम का सिर फट गया। बचाने दौड़े पीड़ित मुकेश कुमार के साथ भी गाली गलौज की। घर में जमकर हंगामा किया। मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को की गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। उससे पहले ही वह जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। डायल 112 पुलिस ने मासूम का स्थानीय अस्पताल में उपचार कराया। इसके बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया मामले की तहरीर मिली है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

# पूरनपुर के पंचायत भवन में लगा एक्स-रे जांच शिविर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नगर के पंचायत भवन में एक्स-रे जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे। बुधवार को नगर के पंचायत भवन पर टीबी रोग अभियान के तहत एक्स-रे जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस शिविर में हड्डी, छाती और अन्य बीमारियों से संबंधित एक्स-रे जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। दूर-दराज के गांवों से आए लोगों ने लाइन में लगकर अपनी जांच कराई। जांच कर मरीजों को रिपोर्ट सौंपी। जबकि अन्य को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जिन मरीजों में गंभीर समस्या पाई गई, उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। शिविर के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों बड़ी संख्या देखने को मिली। कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पहली बार अपने गांव के पास इस तरह की उन्नत जांच सुविधा मिली है, जिससे समय और धन दोनों की बचत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से इस तरह के शिविर लगातार लगाए जा रहे हैं।

# भात समारोह में शराबियों का उत्पात, विरोध करने पर युवक समेत चार लोगों की पिटाई

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरखेड़ा, पीलीभीत।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सिसैड्या में भात समारोह के दौरान शराब के नशे में आए कुछ लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। विरोध करने पर उन्होंने युवक सहित चार लोगों को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से पीटकर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरेली जनपद के थाना क्योलडिया क्षेत्र के ग्राम जरपा मोहनपुर निवासी अजयपाल पुत्र ऋषिपाल अपनी फुफेरी बहन के यहां भात भरने के लिए ग्राम सिसैड्या आए थे। उनके साथ राहुल व रोहित भी मौजूद थे। आरोप है कि सोमवार देर रात करीब 11 बजे गांव के ही सुनील (पुत्र अज्ञात), विपिन (पुत्र विजयपाल) और उनके दो अन्य साथी शराब के नशे में वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब अजयपाल ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर और उनके साथियों पर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे अजयपाल, राहुल, रोहित समेत देवेंद्र कुमार घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित अजयपाल ने थाना बरखेड़ा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गैस सिलेंडर से भरे ट्रक और कार की आपसी भिडंत

## दो चालक घायल, गैस सिलेंडर फटते तो होता बड़ा हादसा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**गजरौला।** गैस सिलेंडर से भरा ट्रक सामने से आ रही कार से टकरा गया। हादसे में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए। गनीमत रही की गैस सिलेंडर नहीं फटे। काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। घायलों को पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। बुधवार को दोपहर पुरनपुर पीलीभीत हाईवे पर पूरनपुर की ओर से गैस सिलेंडर से भरा ट्रक आ रहा था। इसी दौरान दयालपुर ईंट भट्ठे के पास पीलीभीत की ओर से आ रही कार से ट्रक की भिंडत हो गई। जिससे ट्रक के हाईवे पर पलट गया। गैस सिलेंडर हाईवे पर बिखर गए। जबकि टक्कर लगने से कार अनियंत्रित होकर खांई में जा पलटी। हादसे को लेकर हाइवे



हाईवे पर पलटा पडा गैस सिलेंडर से भरा ट्रक

पर अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि ट्रक से भरे गैस सिलेंडर फटे नहीं वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे में ट्रक व कार चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर भारी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की सूचना पर गजरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हादसे को लेकर काफी देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची क्रेन से ट्रक को हटाया गया। तब जाकर आवागमन सुचारू हो सका। पुलिस ने बताया घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# मलेशिया ले जाकर युवक की होटल में कर दी बिक्री

## काम दिलाने का झांसा देकर चार लाख ठगे,मुकदमा दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** मलेशिया ले जाकर युवक को होटल में बेंच दिया। जैसे तैसे भारत पहुंचा रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हरिपुर कलां निवासी अरबाज खां ने वताया कि गांव निवासी तजीम खां व अजीम खां ने उसको वर्क वीजा मलेशिया भेजकर वंहा एक होटल में काम दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद पीडित से चार लाख रुपये ले लिए। यह रुपये उसने परिवार के जेवर बेंचकर और उधार लेकर दोनो भाईयो व उनकी मां नफीस बानो को दिए थे। तीन फरवरी को उसको मुम्बई से फलाइट से टूरिस्ट बीजा पर थाईलैंड भेज दिया। इसके बाद मलेशिया भेजने के लिए कहा। थाईलैंड पहुंचने पर पीड़ित को पता चला कि उन्होंने मलेशिया का वीजा न देकर थाईलैंड का दिया है। जब उसने शिकायत की तो अजीम ने थाईलैंड से मलेशिया जाने की बात कर पीडित पर दबाव डाल कर उसको अवैध रूप से डंकी मार मलेशिया पहुंचाया। आरोपियों ने पीड़ित को एक होटल में बिक्री कर दिया। जिससे उसका पासपोर्ट जप्त कर लिया गया और होटल में बंधुआ मजदूर बनकर रोजाना गाली गलौज कर मारपीट करके गंदगी साफ सफाई का कार्य कराया गया। इसके बाद खाने पीने को नहीं दिया गया,काफी परेशान होकर उसने बंहा पर स्थित थाने पर सूचना दी। जिस पर पीडित को डिपोर्ट कर भारत भेजा गया। उसका पासपोर्ट व 70 हजार वापस दिया गया जो उसने अपने घर से रुपए मंगवा कर दिया था। वापस आकर उसने आरोपियों से अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियो उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर झूठे केस में फसाने की धमकी दी। धोखाधड़ी कर उसके रुपए हडप लिए गए। आरोप है कि आरोपी यंहा के लोगों को विदेश में काम दिलाने का झांसा देकर विदेश भेजते है। आरोपी मुनीम लोगों को विदेश ले जाकर उनकी विक्री कर देता है। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# शेरपुर कला में सनसनी: पूर्व सांसद के बाग में युवक का शव फंदे पर लटका मिला

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शेरपुर कलां।** कस्बे में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव पूर्व सांसद के बाग में पेड़ से लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान दानिश खान (22 वर्ष) पुत्र नसीम मियां उर्फ सनी, निवासी मोहल्ला महीगिरान, वार्ड नंबर 1, शेरपुर कला के रूप में हुई है। दानिश पूरनपुर में रेडियम (लेमिनेशन) का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार, दानिश अपने तीन



मृतक का फाइल फोटो




घटना स्थल पर जमा भीड़

छोटे भाइयों में सबसे बड़ा था– अयान (18 वर्ष), हुसैन (16 वर्ष) और नबील (14 वर्ष)। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि दानिश सुबह घर से निकला था, लेकिन दोपहर में उसका शव बाग में पेड़ से लटका मिला। घटना की खबर फैलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। इस हृदयविदारक घटना से क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल व्याप्त है।

# एडम्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस, बच्चों ने बनाये साइंस मॉडल्स

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बहेड़ी, बरेली।** एडम्स स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के सभी बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चे पेड़-पौधे लेकर स्कूल आए। साथ ही पृथ्वी दिवस पर खूबसूरत ड्राइंग और पेंटिंग कॉम्पिटिशन भी आयोजित किया गया। एडम्स स्कूल के एमडी गुलरेज अली और चेयरमैन शाईस्ता अली ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। एम डी गुलरेज अली ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा, ह्लपृथ्वी को बचाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। आज जो बीज हम बो रहे हैं, कल वही हमारा भविष्य होगा। चेयरमैन शायस्ता अली ने कहा, ह्लहर छोटा कदम पर्यावरण को बचाने में बड़ा बदलाव ला सकता है। पेड़ लगाओ, पानी बचाओ और पृथ्वी को हरा-भरा रखो। इस मौके पर एडम्स स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का भी आयोजन हुआ। कक्षा छह के रेयान अली, अली हमजा और अबू हमजा ने बैटरी से चलने वाला वर्किंग रेफ्रिजरेटर बनाया जो असली फ्रिज की तरह चीजों को ठंडा कर रहा था। फहद खान ने होलोग्राफिक इमेज का मॉडल बनाया, अर्शम फरीद ने चंद्रयान-3 का मॉडल बनाया और आलिया फहीम ने भी चंद्रयान-3 का वर्किंग मॉडल पेश किया। इसके अलावा मरियम अजीम ने नेचुरल वाटर प्यूरीफायर का मॉडल बनाया जिसकी काफी सराहना की गई। इन सभी मॉडल्स की स्टाफ और बच्चों ने खूब तारीफ की। नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी उम्मीद से कहीं बेहतर मॉडल बनाकर सबको हैरान कर दिया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी स्टाफ मेंबर्स ने पूरी मेहनत की। एडम्स स्कूल की *चेयरमैन शाईस्ता अली ने सभी स्टाफ का आभार जताया और बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।*इस मौके पर स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



एडम्स स्कूल के एम डी गुलरेज अली बच्चों के साथ पौधारोपण करते हुए

# जंगली सूअर के शिकारी से पुलिस की मुठभेड़, पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**माधोटांडा।** जनपद पीलीभीत के थाना माधोटांडा क्षेत्र में पुलिस और वांछित बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के अनुसार, थाना माधोटांडा पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर पूर्व में दर्ज मुकदमे के वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान हरजिंदर सिंह पुत्र कक्का सिंह को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर अवैध असलाह से फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधोटांडा ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों के साथ बराही के जंगल में जंगली सूअर का शिकार करता था। बताया गया कि 15 अप्रैल 2026 को बराही जंगल में वन्य जीव के शिकार के मामले में हरजिंदर सिंह, कक्का सिंह और बलजीत सिंह पुत्र रतन सिंह के खिलाफ थाना माधोटांडा में पहले से ही मुकदमा दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल, उपनिरीक्षक अमरीश बाबू, कांस्टेबल हितेश कुमार, सुमित राठी, सत्येंद्र कुमार तथा महिला कांस्टेबल अंकिता की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।



मुठभेड़ के बाद शिकारी को गिरफ्तार करके ले जाती हुई पुलिस

# दरवाजे पर खड़े युवक से मारपीट, बचाने आए माता-पिता को भी पीटा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरखेड़ा, पीलीभीत।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम करनापुर में देर रात घर के बाहर खड़े युवक से गाली-गलौज के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। बीच-बचाव करने पहुंचे माता-पिता को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम करनापुर निवासी पोपीराम पुत्र मोतीराम के मुताबिक, 20 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे उनका पुत्र दिनेश अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था। तभी गांव के ही छुटका पुत्र रामलाल, महावीर, देबू व रामू (तीनों पुत्र रामपाल) शराब के नशे में वहां पहुंचे और बिना किसी वजह के गाली-गलौज करने लगे। शोर सुनकर जब पोपीराम और उनकी पत्नी सुनीता देवी मौके पर पहुंचे और विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि सभी आरोपियों ने लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे दंपति घायल हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित पोपीराम ने थाना बरखेड़ा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आसफपुर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का इंतजार कल होगा खत्म, शाम 4 बजे घोषित होगा यूपी बोर्ड रिजल्ट

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**आसफपुर (बदायूं )।** विकास खंड क्षेत्र के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार अब कल खत्म होने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 23 अप्रैल को शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा। रिजल्ट को लेकर आसफपुर क्षेत्र के कस्बों और ग्रामीण इलाकों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में पिछले कई दिनों से उत्सुकता बनी हुई थी। क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। कई छात्र-छात्राएं अच्छे अंकों की उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि अभिभावक भी बच्चों के भविष्य को लेकर परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। आसफपुर, फैजगंज बेहटा समेत आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने बताया कि रिजल्ट की तारीख घोषित होने के बाद उनकी धड़कनें तेज हो गई हैं। कई छात्र मोबाइल और साइबर कैफे के माध्यम से परिणाम देखने की तैयारी में जुटे हैं। बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि परीक्षार्थी अपना परिणाम ऑनलाइन भी देख सकेंगे। अब क्षेत्र के हजारों छात्र-छात्राओं की निगाहें कल शाम 4 बजे आने वाले परीक्षा परिणाम पर टिकी हैं।

## शादी समारोह में कई किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** शादी समारोह में गई किशोरी वापस नहीं लौटी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने बताया कि 19 अप्रैल को पड़ोस में शादी समारोह का आयोजन हुआ था। उसकी पुत्री पड़ोस में स्थित शादी समारोह में शामिल होने गई थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों में हडकंप मच गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। महिला ने गांव के ही युवक पर बहला फुसलाकर फैसला कर ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गांव निवासी जय हिंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले के बारे में जानकारी जुटाए जा रही है।

## पत्रकार संदीप मिश्रा के पिता राम अवतार मिश्रा का निधन, आज अंतिम संस्कार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**



**पीलीभीत।** पत्रकार संदीप मिश्रा के पिता एवं सेवानिवृत्त विद्युत विभाग यूनियन नेता 82 वर्षीय राम अवतार मिश्रा का मंगलवार को अचानक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार राम अवतार मिश्रा लंबे समय तक विद्युत विभाग में यूनियन नेता के रूप में सक्रिय रहे थे। उनके निधन की खबर से पत्रकार, अधिवक्ता, ब्राह्मण समाज और विद्युत विभाग से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उनके निवास निरंजन कुंज पहुंचे और अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी एवं पत्रकारों ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की कामना की। परिवार में पुत्र प्रदीप मिश्रा, संदीप मिश्रा, सिद्धार्थ मिश्रा सहित अन्य परिजन शोकाकुल हैं। राम अवतार मिश्रा का अंतिम संस्कार आज किया जाएगा।

# केडीएच स्कूल में अर्थ डे पर बच्चों ने लिया पृथ्वी संरक्षण का संकल्प

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**आसफपुर (बदायूं)।** क्षेत्र के गांव मुंडिया धुरे स्थित के डी एच स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस उत्साह और जागरूकता के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और धरती को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय में आयोजित जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें प्रधानाचार्या पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को पूरी दुनिया में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की थीम आवर पावर आवर प्लेनेट है, जो यह संदेश देती है कि पृथ्वी को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। प्रधानाचार्या ने बच्चों को प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और कहा कि हमें सिंगल यूज प्लास्टिक से बचना चाहिए। इसके साथ ही अधिक से अधिक पौधारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने और रीसाइक्लिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाउस बोर्ड सज्जा के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण से जुड़े आकर्षक संदेश प्रस्तुत किए। बच्चों ने पोस्टर, स्लोगन और चित्रों के जरिए ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण रोकने और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना समय की जरूरत है। यदि आज की पीढ़ी प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आएगी तो आने वाला भविष्य सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर शिक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा, रामानंद, रवि गुप्ता, प्रियांशी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने पृथ्वी को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र

# अधिकांश समय बंद रहता सचिवालय, योजनाओं से वंचित ग्रामीण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के गांव मुसरहा में ग्राम सचिवालय अधिकांश समय बंद रहने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत व्यवस्था पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सहायक अक्सर अनुपस्थित रहते हैं, जिससे जन्म प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन कार्ड सहित अन्य जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि अन्य विभागीय कर्मचारी कभी-कभी स्वयं सचिवालय खोलकर मीटिंग कर लेते हैं, जबकि पंचायत सहायक की नियमित उपस्थिति नहीं रहती। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी द्वारा पंचायत सहायक की लापरवाही पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सचिवालय को नियमित रूप से खुलवाया जाए और संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।




गांव मुसरहा का सचिवालय बंद रहने से ग्रामीण मायूस होकर लौट रहे हैं पंचायत सहायक लापता

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध पर भाजपा का प्रदर्शन, गहौनिया चौराहे पर विपक्ष का पुतला दहन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने गहौनिया चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए विपक्ष का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन लोकसभा में कांग्रेस व सहयोगी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में मतदान किए जाने के खिलाफ किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं में काफी आक्रोश देखने को मिला। उन्होंने नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राहुल गांधी मुदार्बाद और अखिलेश यादव मुदार्बाद जैसे नारे लगाते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल, नगर पंचायत नौगवां पकड़िया की चेयरमैन संदीप कौर, भाजपा नेता अंशुमन तिवारी, हर्षित चौधरी, अमनदीप मिश्रा, सुनीता सिंह, रत्ना शुक्ला, अनूप बाल्मीकि, प्रतीक पांडेय, इंद्रेश चौहान, विपिन मिश्रा, शुभम भारती, उज्जवल वर्मा, दीप अग्रवाल, अवतार सिंह मोनू, हिमांशु जैसवार, शिवम माथुर, अभिषेक सिंह गोल्डी, अभिमन्यु गंगवार और सत्यपाल वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका विरोध करना महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है।



भाजपा के कार्यकर्ता विपक्ष का पुतला फूंकते हुए

# पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं व रैली आयोजित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जनपद के विभिन्न विद्यालयों में ह्लपृथ्वी दिवसह्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय अगर धरती बोलती तो क्या कहती रहा। विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण के दुष्प्रभाव और धरती बचाने के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लक्ष्मी कांत शर्मा ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस के महत्व व पर्यावरण संरक्षण के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय की प्राचार्या पूजा छाबड़ा एवं प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने भी विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। वहीं प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में भी पृथ्वी दिवस पर प्रार्थना सभा, जागरूकता रैली, पौधारोपण तथा चित्रकला, पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता, पॉलिथीन मुक्त जीवन और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संदेश दिया। दोनों विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया।






पृथ्वी दिवस पर स्कूलों के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे

# नपत के बाद भी नहीं बना रास्ता, सरदार कॉलोनी के लोग परेशान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** नगर की सरदार कॉलोनी में वर्षों से खराब पड़ा रास्ता अब भी नहीं बन सका है। इस समस्या को लेकर पूर्व में अखबारों में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका कर्मचारियों ने मार्ग की नापत भी कर ली थी, लेकिन इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि जर्जर रास्ते के कारण रोजाना आवाजाही में भारी दिक्कत होती है। बरसात और अंधेरे के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे लोग फिसलकर गिर जाते हैं और चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका प्रशासन समस्या को नजरअंदाज कर रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके और हादसों से बचाव हो सके।



सरदार कॉलोनी की गलियों में नहीं करवाया नगर पालिका ने कोई विकास

# पुल की रोलिंग न होने से दरारों में तब्दील हुआ मार्ग, हादसे का बढ़ा खतरा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पूरैनिया रामगुलाम से गझेड़ी जाने वाले मार्ग पर बने पुल की रोलिंग न होने से सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। पुल और संपर्क मार्ग पर जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण के बाद उचित रोलिंग और समतलीकरण कार्य नहीं कराया गया, जिसके चलते सड़क उखड़ने लगी है। दरारों के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है, खासकर रात के समय स्थिति और भी जोखिम भरी हो जाती है। स्थानीय लोगों ने कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द मार्ग की मरम्मत कराकर पुल की स्थिति सुधारने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।



पुरैनिया राम गुलाम का रोलिंग हीन पुल दे रहा मौत को दावत

CMYK

# खेल ने ले ली जान, तैराकी के दौरान गायब हुई

## ब्राजीलियाई एथलीट, घंटों बाद झील की गहराई में मिला शव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल की दुनिया से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। ब्राजील की मशहूर ट्रायथलीट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मारा फ्लेविया की शनिवार, 18 अप्रैल को आयरनमैन टेक्सास प्रतियोगिता के दौरान डूबने से मौत हो गई। 38 वर्षीय यह एथलीट अपनी फिटनेस और खेल के प्रति जुनून के लिए जानी जाती थीं। पूरी दुनिया में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी।

यह दर्दनाक हादसा लेक वुडलैंड्स में हुआ, जो 140 मील लंबी इस इंड्यूरेंस रेस का पहला चरण था। शनिवार सुबह करीब 6 बजे अधिकारियों को एक तैराक के लापता होने की सूचना मिली। इसके बाद मोंटगोमरी काउंटी शेरिफ कार्यालय और वुडलैंड्स फायर विभाग ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लापता होने के करीब डेढ़ घंटे बाद, सुबह 7:30 बजे औपचारिक रूप से खोए हुए तैराक की रिपोर्ट दर्ज की गई और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया।

**रेस्क्यू टीम को मशक्कत के बाद मिला शव** – झील के पानी के अंदर दृश्यता कम होने के कारण बचाव दल को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, सुबह 9 बजे नॉर्थशोर पार्क के पास मारा फ्लेविया का शरीर मिला। अधिकारियों के अनुसार, जब तक टीम उन तक पहुंची, उनका शरीर झील की सतह से लगभग 10 फीट नीचे जा चुका था। सुबह 9:30 बजे शव को बाहर निकाला गया, जिसके बाद तट पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आयोजकों ने इस घटना की पुष्टि करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है।

## लॉरियस अवार्ड 2026

# कार्लोस अल्काराज़ और एरीना सबालेंका बने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आयोजित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2026 में टेनिस खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। कार्लोस अल्काराज़ को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी, जबकि एरीना सबालेंका को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।

**अल्काराज़ और सबालेंका का शानदार प्रदर्शन** – अल्काराज़ ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन, यूएस ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीतकर अपनी बादशाहत कायम रखी।

## बैंकॉक चेस ओपन

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय शतरंज के लिए हालिया हफ्ता ऐतिहासिक उपलब्धियों वाला रहा। आर. वैशाली के महिला वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई करने और एएस श्रा?वणिका के अंडर-12 रैपिड खिताब जीतने के बाद, अब कोलकाता के अरण्यक घोष ने भारत का 95वां ग्रैंडमास्टर बनकर देश का गौरव बढ़ाया है। नेशनल रैपिड चैम्पियन अरण्यक ने बैंकॉक चेस क्लब ओपन में 9 में से 7 अंक हासिल कर अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म प्राप्त किया। अरण्यक को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ा। उन्होंने पहला नॉर्म 2023 (सैंट्स ओपन) और दूसरा 2024 (एनेमासे मास्टर्स) में हासिल किया था। उन्होंने पिछले साल फिडे वर्ल्ड कप में पोलैंड के माटुस्ज बार्टेल को हराकर सबको चौंकाया था। अरण्यक वर्ल्ड रैंकिंग में 401वें स्थान पर मौजूद हैं।

# अरण्यक बने भारत के 95वें ग्रैंडमास्टर

## आर्थिक तंगी दिमाग पर ऐसे हावी, हर मैच करियर बचाने की चुनौती मानकर खेलते थे



### तनावमुक्त रहने के लिए कार्टून वाली हुडी पहनकर खेलते हैं

- अरण्यक जब साढ़े चार साल के थे, तब घर की सफाई में मां संचिता को पिता मृणाल घोष की पुरानी, धूल भरी शतरंज पेटी मिली। नन्हे अरण्यक गोटियां सजाकर खेलने लगे। बेटे की रुचि देख पिता मृणाल घोष ने उन्हें ट्रेनिंग दिलवाई।
- कोच सौमेन मजूमदार ने अरण्यक की आर्थिक तंगी को देखते हुए उन्हें मुफ्त कोचिंग दी और अपने खर्च पर शीर्ष ग्रैंडमास्टर्स से ट्रेनिंग सत्र कराए।
- अरण्यक के पास कॉर्पोरेट स्पॉन्सर नहीं था, इसलिए इनामी राशि से ही अगले टूर्नामेंट की फीस देते और टिकट वगैरह का खर्च उठाते। साल 2019 में पिता ने फीस के लिए पुश्तैनी जमीन और संपत्तियां बेच दीं। अरण्यक जानते थे कि खराब प्रदर्शन का मतलब अगला मौका खत्म, इसलिए हर मैच को करियर बचाने की चुनौती मानकर खेला।
- मां संचिता घोष ने बेटे के करियर के लिए वकालत छोड़ दी, ताकि विदेशी टूर्नामेंट में साथ जा सकें। यूरोप दौरों में खर्च बचाने के लिए सस्ते कमरों में रहते और खुद खाना बनाते थे।
- जहां खिलाड़ी औपचारिक कपड़ों में खेलते हैं, वहीं अरण्यक कार्टून थीम वाली हुडी पहनकर बोर्ड पर बैठते हैं। यह उन्हें बड़े टूर्नामेंट के दबाव में भी सहज और तनावमुक्त रखती है।
- 2013 में अरण्यक ईरान में एशियन यूथ चेस चैम्पियन?शिप खेलने गए। तब मां संचिता ने उन्हें ईरानी केसर लाने को कहा था। 9 साल के अरण्यक ने मां की यह इच्छा भी पूरी की और अंडर-10 वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर लौटे।
- वे बचपन से ही थैलेसीमिया से जूझ रहे हैं, जिसमें खून कम होने से लगातार थकान रहती है। इसके बावजूद वे कई बार बुखार और दर्द में भी टूर्नामेंट खेलने पहुंचे। घर पर रहने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने शतरंज को ही अपना सहारा बनाया। उनका कहना है कि बिस्तर पर रहने से बेहतर उन्हें चालें सोचना लगता। यही जिद और मानसिक मजबूती उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी।

# चेन्नई सुपर किंग्स को लगा बड़ा झटका

## इंजरी के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हुए आयुष म्हात्रे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खेमे से एक बेहद परेशान करने वाली खबर सामने आई है। टीम के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग चोट के चलते टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। यह खबर सीएसके के फैंस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है, क्योंकि आयुष इस सीजन सीनियर खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में बेहतरीन लय में नजर आ रहे थे। अंडर-19 के इस उभरते सितारे ने अपने पहले ही आईपीएल सीजन में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा था।

### हैदराबाद के खिलाफ मैच में लगी चोट

आयुष म्हात्रे को यह इंजरी 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान हुई थी। बल्लेबाजी करते समय एक तेज रन लेने के प्रयास में आयुष म्हात्रे को अचानक मांसपेशियों में खिंचाव महसूस हुआ, जिसके बाद वे मैदान पर ही दर्द से कराहते नजर आए। उन्हें तुरंत मेडिकल टीम की देखरेख में बाहर ले जाया गया था। अब विस्तृत चिकित्सा रिपोर्टों के बाद यह साफ हो गया है कि उन्हें पूरी तरह ठीक होने के लिए कम से कम 6 से 12 हफ्तों के लंबे रिहैबिलिटेशन की जरूरत पड़ेगी, जिससे उनका मौजूदा सीजन अब समाप्त हो गया है।

### काफी शानदार फॉर्म में थे आयुष म्हात्रे

आयुष म्हात्रे ने इस सीजन में अपनी तकनीक और निडर बल्लेबाजी शैली से दिग्गजों को काफी प्रभावित किया था। सीएसके के बल्लेबाजी क्रम में वे एक एक्स-फैक्टर के रूप में उभरे थे, जो मध्यक्रम में तेजी से रन बनाने की क्षमता रखते थे। उनके बाहर होने के बाद अब कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और कोच स्टीफन फ्लेमिंग के सामने सबसे बड़ी चुनौती उनके सही रिप्लेसमेंट को खोजने की होगी। सीजन के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर आयुष जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी का बाहर होना टीम के संतुलन को बिगाड़ सकता है।

### सीएसके को लगातार हो रहा नुकसान

इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने 6 मुकाबले खेले हैं और इन 6 मुकाबलों में उन्हें सिर्फ 2 मैचों में ही जीत मिली है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स को लगातार झटके मिल रहे हैं। सीजन शुरू होने से पहले एमएस धोनी और नाथन एलिस चोटिल हो गए थे। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका तब लगा जब टीम के घातक तेज गेंदबाद खलिल अहमद भी इंजरी के कारण बाहर हो गए। अब इस लिस्ट में आयुष म्हात्रे का नाम भी शामिल हो गया है।

## आईजीपीएल कांगो

# 21 साल के तुषार पन्नू का धमाल, मन्नत बरार के साथ टॉप पर बनाई बराबरी

कांगो (एजेंसी)। कांगो के लुबुंबाशी में खेले जा रहे आईजीपीएल इनविटेशनल में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने पहले दिन 6-अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की।

**तुषार पन्नू की शानदार पारी** – सिर्फ एक साल के प्रोफेशनल अनुभव वाले तुषार पन्नू ने बेहतरीन खेल दिखाया।

5 बर्डी और 1 ईगल
सिर्फ 1 बोगी
कुल स्कोर: 6-अंडर 67
उन्होंने शुरुआत में बोगी के बाद जबरदस्त



वापसी करते हुए लगातार शानदार शॉट लगाए और दिन का अंत ईगल के साथ किया।

**मन्नत बरार का बोगी-फ्री प्रदर्शन** – 19 वर्षीय मन्नत बरार ने बिना एक भी बोगी के 6-अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने फ्रंट नाइन में 4 बर्डी और बैक नाइन में 2 बर्डी लगाकर शानदार खेल दिखाया। मन्नत इस साल प्रो बनी हैं और वह मिश्रित (मेंस-विमेंस) प्रो इवेंट जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला बनने की कोशिश कर रही हैं।

**सुखमन सिंह तीसरे स्थान पर** – सुखमन सिंह ने 5-अंडर 68 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दो ईगल और तीन बर्डी के दम पर शानदार शुरुआत की और लीडर्स से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं।



## आईपीएल इतिहास में 5 नंबर के बाद

# शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हुए तिलक वर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** तिलक वर्मा ने आईपीएल इतिहास में अपना पहला शतक ठोक दिया है। तिलक ने सिर्फ 45 गेंदों पर 101 रन की पारी खेली। इसी के साथ तिलक ने एक शानदार रिकॉर्ड भी बना दिया। तिलक उन बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं जिन्होंने आईपीएल में नंबर 5 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए शतक ठोका हो। इस लिस्ट में 3 और बल्लेबाज हैं, जिनके बारे में हम आगे बात करने वाले हैं।

यूसुफ पठान (2010) - 100 रन बनाम मुंबई इंडियंस

यूसुफ पठान (2010) - 100 रन बनाम मुंबई इंडियंस

साल 2010 में राजस्थान रॉयल्स के यूसुफ पठान ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह पारी खेली थी जिसे आज भी आईपीएल की सबसे बेहतरीन पारियों में गिना जाता है। ब्रेबोर्न स्टेडियम में यूसुफ ने महज 37 गेंदों पर 100 रन कूट डाले थे। नंबर 5 पर बल्लेबाजी करते हुए यह आईपीएल इतिहास का पहला शतक था।

### डेविड मिलर (2013) - 101 रन बनाम आरसीबी

आरसीबी के खिलाफ मोहाली के मैदान पर डेविड मिलर ने जो किया उसे बैंगलोर के फैंस कभी नहीं भूल पाएंगे। 2013 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए नंबर 5 पर उतरते हुए मिलर ने सिर्फ 38 गेंदों पर नाबाद 101 रन बनाए थे। एक समय पंजाब की टीम हार की कगार पर थी लेकिन मिलर की इस आतिशी पारी ने मैच का रुख पूरी तरह मोड़ दिया था।

### बेन स्टोक्स (2017) - 103 रन बनाम गुजरात लायंस

2017 में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने गुजरात लायंस के खिलाफ अपनी क्लास दिखाई थी। पुणे के मैदान पर खेलते हुए स्टोक्स नंबर 5 पर आए और मुश्किल परिस्थितियों में 63 गेंदों पर नाबाद 103 रनों की सूझबूझ भरी पारी खेली। इस शतक ने न केवल पुणे को जीत दिलाई बल्कि स्टोक्स को आईपीएल के इस खास रिकॉर्ड लिस्ट में शामिल करा दिया।

### तिलक वर्मा (2026) - 101 रन बनाम गुजरात टाइटंस

इस खास क्लब में सबसे ताजा एंट्री हुई है मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा की। आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद के मैदान पर तिलक ने धमाका कर दिया। उन्होंने नंबर 5 पर बल्लेबाजी करते हुए मात्र 45 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाकर सनसनी मचा दी। तिलक का यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि मिडिल ऑर्डर में आकर शतक लगाने का इंतजार आईपीएल को पूरे 9 साल बाद खत्म हुआ।

# सर्राफा बाजार पर वैश्विक अनिश्चितता का असर; सोना 300 रुपए फिसला, चांदी में भारी गिरावट

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में नरमी देखने को मिला। राष्ट्रीय राजधानी के सरार्फा बाजार में सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जबकि चांदी 2,700 रुपये फिसलकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सरार्फा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये टूटकर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाल क्या?

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आईटी शेयरों में भारी बिकवाली




और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक फीसदी टूटे। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया भी 39 पैसे कमजोर हुआ। शेयर बाजार में आज और क्या कुछ हुआ? कंपनियों को कितना नफा-नुकसान हुआ? जानिए इस खबर में

भारतीय शेयर बाजार तीन दिन की तेजी के बाद आज गिरावट के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक-सेंसेक्स 756.84 अंक गिरकर 78,516.49 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 831.03 अंक तक गिरा था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 198.50 अंक की गिरावट के साथ 24,378.10 पर बंद हुआ। जानकारों के मुताबिक विदेशी फंडों की निकासी और पश्चिम एशिया में अस्थिरता के कारण निवेशकों में डर का माहौल देखा गया। एचसीएल टेक के शेयरों में सबसे ज्यादा 10.85 फीसदी की गिरावट आई। मार्च तिमाही के नतीजों से निवेशकों को खुशी नहीं मिली। कंपनी का शुद्ध लाभ 4,488 करोड़ रुपये रहा। इंफोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक भी प्रमुख नुकसान में रहे। बुधवार को लाभ यानी हरे निशान पर रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, इटरनल और ट्रेंट प्रमुख रहे।

बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया भी कमजोर हुआ। कारोबार खत्म होने के समय रुपया 39 पैसे गिरकर 93.83 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने बताया कि घरेलू इक्विटी बाजारों में तीव्र बिकवाली भी हुई। विदेशी पूंजी निकासी के कारण भी भारतीय मुद्रा कमजोर हुई। दिन के कारोबार के दौरान रुपया 93.87 के निचले स्तर तक भी पहुंचा। 23 मार्च को पहली बार रुपया 94 के स्तर तक भी पहुंचा था। मंगलवार को रुपया 28 पैसे गिरकर 93.44 पर बंद हुआ था। सोमवार को भी रुपया 25 पैसे फिसला था। मीराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी के मुताबिक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिका-ईरान वार्ता पर मंडरा रहे अनिश्चितता के बादल रुपये की गिरावट के प्रमुख कारण रहे। विश्लेषकों के मुताबिक बुधवार को होर्मुज में दो जहाजों पर हमले से चिंता और गहराने लगी है।

अनुज चौधरी ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसे निकाल रहे हैं। दबाव के बीच रुपये में नकारात्मक रुझान बने रहने की उम्मीद है। हालांकि, अमेरिकी डॉलर के नरम होने से रुपये में तेज गिरावट रुक सकती है। बुधवार को वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.29 फीसदी बढ़कर 99.75 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर के मुताबिक पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण शेयर बाजार पर गहरा असर दिख रहा है। गौरतलब है कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के कारण ऊर्जा बाजार में कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के ने भू-राजनीतिक अनिश्चितता को कमजोरी का मुख्य कारण बताया। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता से जुड़े संशयों के बीच अस्थिरता गहराने की आशंका है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।